## एक नजर

### पिता ने पुत्र के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया

**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई सीआईएसएफ के पूर्व एएसआई ने अपने बेटे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। भट्ठी पुलिस ने इस मामले में धारा 115 (2), 296, 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-1 सड़क 5 निवासी विनोद कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वे सीआईएसएफ में सहायक उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त है। उसका बेटा विनित कुमार आए दिन उससे पैसे की मांग करता है पैसा नहीं देने पर उनसे साथ झगड़ा करने लग जाता है वह पत्नी और बेटी के साथ घर में था उसी समय विनीत 10 हजार रुपए की मांग करने लगा जब उसने पैसा नहीं होने का हवाला दिया तो नाराज होकर उससे और उसकी पत्नी समेत बेटी से मारपीट की इसके अलावा उसके जमीन के कागजात और बेटी की 10 वीं से लेकर एमएससी तक की मार्कशीट फाड़ दी।

### ताला तोड़कर जेवर,नगदी की चोरी

**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि आभा शर्मा निवासी रायपुर डगनिया ने की रहने वाली है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी मां वार्ड नंबर 4 गया नगर दुर्ग में रहती है मां का स्वास्थ्य खराब हो जाने से इलाज के लिए 16 जून से विकास विहार कालोनी रायपुरा चली गई थी और वहीं रह रही थी दुर्ग स्थित घर में कोई नहीं था3 अगस्त को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गयी है इसके बाद प्रार्थिया अपनी मां के साथ घर पहुंची तो दरवाजे का कुंदा टूटा था आलमारी के अंदर रखे सोने का सिक्का 10 ग्राम, सोने का टाप्स 10 ग्राम, सोने की चैन 12 ग्राम, चांदी का सिक्का 02 नग 50 ग्राम, चांदी का सिक्का 20 नग, प्रत्येक 10 ग्राम एवं नगद अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था ।

### सेंधमारी कर जेवर, बर्तन चोरी

**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र एक सूने मकान में सेंधमारी हो गई। चोर सोने- चांदी के जेवर, बर्तन और घर पर खड़ी मोटर साइकिल तक चुरा ले गए परिवार के लोग पुरी धाम घूमने गए थे चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद है फिलहाल पुलिस चोर की तलाश कर रही है पुलिस ने बताया कि संतोषी पारा कैम्प 2 निवासी संजय गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वे 2 अगस्त को घर में ताला लगाकर परिवार को साथ पुरी घूमने गए थे। संजय का साढ़ू भाई भी गांव से आए और मोटर साइकिल उनके घर पर खड़ी कर साथ में पुरी गए 3 अगस्त की सुबह पुरी पहुंचे तो पड़ोस की महिला ने फोनकर चोरी की जानकारी दो परिवार के साथ घर लौटे तो देखा कि आलमारी से सोने व चांदी के कुछ जेवर, 30 हजार रुपए नगद, दीवान से पीतल के बर्तन और खड़ी मोटर साइकिल चुरा ले गए यहां तक की घर में रखा राशन कार्ड, एटीएम, गैस बुक, पेन कार्ड आदि गायब थे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा चेक करवाया तो दो संदिग्ध दिखे दोनों अंधेरे में लोहे का रॉड जैसा कुछ पकड़कर घर के आसपास देखे गए।

### डिप्टी सीएम के भांजे के निधन पर शिवसेना ने दुख जताया

**भिलाई, 6 अगस्त।** कवर्धा के रानीदहरा जलप्रताप में नहाते समय डिप्टी सी.एम. अरुण साव के भांजे, तुषार साहू के डूब कर मरने पर शिवसेना उद्धव भिलाई के राजू गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, विरेन्द्र गिरी ,रमेश सिंह आशीष कुमार देवांगन , संदीप हटवार , दिनेश राजपूत , संजय यादव ने गहरा दुख व्यक्त कर कहा की यह ह्रदय विदारक घटना है, शिवसेना तुषार परिवार को इस दुःख की घड़ी में शोक सात्वना व्यक्त कर अपना दुख व्यक्त करती है साथ ही, नौ जवान, पिकनीक जाने वाले परिवार एवं सेल्फी लेने वालो से आग्रह करती है की बरसात के इस मौसम उफनती नदी नाले के आस पास न जाएं एवं सुरक्षित रहें ।

### चरोदा बस्ती भाटापारा के साथ दादर वार्ड के नागरिकों ने लिया शिविर का लाभ

**भिलाई, 6 अगस्त।** नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा सोमवार को दादर रोड चरौदा वार्ड क्रमांक-05 में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया गया । जिसमें वार्ड क्रमांक-05 दादर, वार्ड क्रमांक-21 चरौदा बस्ती, वार्ड क्रमांक-22 चरौदा भाटापारा के नागरिकों द्वारा अपनी मांग तथा शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गये। गौरतलब है कि महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद वार्ड क्रमांक-05 दादर मनोज कुमार, वार्ड क्रमांक-21 चरौदा बस्ती के पार्षद संजय यादव, वार्ड क्रमांक-22 चरौदा भाटापारा की पार्षद श्रीमती निशा राजेश यादव, वार्ड क्रमांक-23 के पार्षद ठेनेन्द्र ठाकरे, वार्ड क्रमांक-24 के पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा शिविर में अपने वार्ड के नागरिकों के साथ शामिल हुए। इनके साथ पूर्व पार्षद गिरजा शंकर बंछोर, राजेश यादव भी शिविर में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलित वाहन मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श का लाभ भी नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। साथ ही राजस्व से संबंधित मामलों का निराकरण करने क्षेत्र की पटवारी श्रीमती कुमुद ठाकुर एवं राजस्व निरीक्षक श्रीमती सुनीती निषाद मौके पर मौजूद रहे। शिविर में मांग 163और शिकायत के 22 आवेदन प्राप्त हुए ।

# ग्राम सेलूद में 51000 लोटा जल से भगवान शिव का किया अभिषेक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 अगस्त।** विकासखंड पाटन के सबसे बड़े ग्राम सेलूद में सावन महीने के तीसरे सोमवार को आज किसान राइस मिल स्थित शिव मन्दिर में बोल बम समिति के द्वारा पार्थिव शिवलिंग में जलाभिषेक का आयोजन किया गया है। समिति के द्वारा बताया गया कि पार्थिव शिव लिंग में 51 हजार लोटा जल से जलाभिषेक किया जाएगा। सेलूद में इस तरह का बृहद आयोजन पहली बार हुआ हैं। जिसको लेकर श्रद्धालुगण उत्साहित है। पंडित कालेश्वर शुक्ला एवं टीपी शर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक संपन्न कराया गया । कार्यक्रम के अंत मे हवन पूजन के बाद पार्थिव शिवलिंग को बहते जल में विसर्जित किया गया द्य पूजा में भगवान शिव जी के महिमा पर पंडित जी के द्वारा व्याख्यान दिया गया । मौके पर प्रमुख रूप से सेलूद सरपंच श्रीमती खेमीन साहू, रमेश देवांगन, टामन साहू, लवण बंजारे, राजू देवांगन, यशवंत सेन, अजय सिंह, संजय यदु, नेत्रपाल सिंह, पारखत साहू, सुरेंद्र बंछोर, लवण बंजारे, अशोक जैन, डी के सिंग, रोमन दास वैष्णव, फूलकुमारी साहू, शैल साहू, मुक्तु राम साहू, गोविंद साहू, हेमवती वर्मा, छत्रपाल सिंह, भेष नारायण सेन, हितेश साहू, ललिता साहू, चंचल चंद्रकांत यादव ,उमेश सिंहा, मनीष साहू, सुशील ठाकुर, कुंदन साहू, नरोतम साहू, किरण सोनवानी, सुनीता सेन, विकाश बारले, भोज साहू, ललिता साहू, लोचन कश्यप, शंकुन्तला वर्मा, वंदना साहू, प्रकाश साहू, योगीता साहू, भगवती साहू, गीता कश्यप, डुलेश्वरी साहू, पीताम्बरी साहू, सुनीता ठाकुर, अम्बिका देवांगन, अनिता सिन्हा, रमेश कश्यप, लाभचंद जैन, भागवत बंछोर, लक्ष्मण वर्मा, तारेंद्र बंछोर, टीकेश्वर वर्मा, अरविंद, दिनेश साव, राजुराय, बलराम यादव, किशन हिरवानी, अजय देवांगन, भूषण सोनवानी सरपंच, बंटी साहू, राजू साहू, नवीन ठाकुर, गंगा साहू, रोहणी साहू, संगीता विश्वकर्मा, सरस्वती सिन्हा, अंजू सिन्हा, नरेश साहू, दिवेदी, अश्वनी विश्वकर्मा, नीलेश, गायत्री बंछोर, सरिता सिंह, मिन्की सिंह, पूर्णिमा साहू, प्रमिला साहू, रोशन साहू, शुसबु साहू, पद्मनी साहू सिमा साहू, कुसुम साहू, चूम्मन वर्मा, प्राची वर्मा, गंगादीन चक्रधारी, सहित सैकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे ।

## बाबा दरबार से निकाली डाक कांवड़ यात्रा



**उतई, 6 अगस्त।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में श्रावण मास के पावन पर्व पर 5 अगस्त सोमवार को भव्य डांक कांवड़ यात्रा निकाला गया जो कि शिवनाथ नदी में स्नान करके भगवान शिव जी के पुजा पाठ दरबार के सभी भक्तों के द्वारा किया गया तत पश्चात शिवनाथ नदी से जल लेकर दौड़ते हुए महमरा घाट शिवनाथ नदी से गंजपारा पटेल चौक जेल चौक से महाराजा चौक होते हुए बोरसी से महावीर उद्यान धनोरा पहुचकर भगवान भुतभावन भोलेनाथ मे जल चढ़ाकर पूजा पाठ किया गया यह प्रथम डाक कांवर यात्रा है इसके बाद 12 अगस्त सोमवार को दुसरा डांक कांवड़ यात्रा किया जाएगा जिसमें डी जे के साथ शिव नाथ नदी से जल लेकर महावीर उद्यान आकर फिर रुद्र महाअभिषेक पुजा पाठ हवन धुपन का कार्यक्रम विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रों उचार के साथ किया जाएगा यह कार्यक्रम सुबह से पुरे रात तक चले गा दोपहर × बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं शाम 4बजे से महिला मानस मंडली धनोरा वाले बहनो के द्वारा मानस गान शिव भजन कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा इस डांक कांवड़ यात्रा मे मुख्य रूप से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी राजू यादव विनोद साहू जी गुलाब साहू मनोज पटेल कुंज लाल साहू जीवराखन ठेकेदार डां धनेशवर साहू ग'जू रायपुरिया मनसुखा साहू बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू योगेश साहू आदि भक्तों का योगदान से यह डांक कांवड़ यात्रा सफल हूवा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से अपिल की है कि 12 अगस्त सोमवार को डी जे के साथ भव्य डांक कांवड़ यात्रा मे सम्मिलित होने की यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी

## पांगरी स्कूल में जनभागीदारी से तैयार किया किचन गार्डन




**उतई, 6 अगस्त।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पांगरी में जन भागीदारी के सहयोग से प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत चलाई जा रही मध्यान्ह भोजन को अत्यधिक पोषक आहार के रूप में बदलाव लाने हेतु महत्त्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं जिससे शाला के बच्चो को शारीरिक, मानसिक ,बौद्धिक क्षमता प्रदान की जा सके इस हेतु कीचन गार्डन तैयार किए गए जिसमें गांव के प्रबुद्ध नागरिक श्री चुड़ामनी नागेश द्वारा जोकि पूर्व माध्यमिक शाला के प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष भी हैं जो लगातार तीन वर्षों से निः शुल्क ट्रेक्टर से गार्डन की जुताई कर सेवा प्रदान की जा रही है ।

अध्यक्ष श्री अवधेश यादव द्वारा उच्च किस्म के बीज (सेम, लौकी,तूमा,मखना भिंडी,गंवारफली, बरबट्टी, धनिया, मेथी आदि)निः शुल्क प्रदान किये गये बीज का रोपण किया गया है। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने कार्य में लागत मजदूरी का स्वयं के व्यय से भुगतान किया। शिक्षक घनश्याम साहू, शिक्षिका -सुप्रिया चंद्राकर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी निगरानी में विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।विगत वर्ष में कीचन गार्डन से तैयार पोषक आहार सब्जी का लाभ शाला के बच्चों को मिला है। इस वर्ष भी बच्चों को आवश्यक पोषण शक्ति आहार का लाभ मिलेगा। उक्त कार्य में श्रीमती सावित्री मौर्य, श्रीमती कुलेश्वरी निषाद, श्रीमती बीसन बाई देशलहर, श्री तामेश्वर यदु, श्री दिनेश यादव एवं अन्य जनभागीदारी का सहयोग रहा।

## युवोदय स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**भिलाई, 6 अगस्त ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं नगर निगम भिलाई कमीश्नर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा सोमवार को दोपहर 2.30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई में नशामुक्ति, डायरिया एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया, इसमें लगभग 250 बच्चों ने भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में तीन विद्यालयों के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम से किया गया, जहां बच्चों ने नशामुक्ति, डायरिया की रोकथाम एवं स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए नारे लगाए और पोस्टर प्रदर्शित किए। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे की लत को रोकना, डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम करना और स्वच्छता के विभिन्न थीम सिंगल यूज प्लास्टिक, गिला कचरा-सुखा कचरा, होम कंपोस्ट बनाने की विधि के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूलों के नाम इस प्रकार हैं - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, महारानी लक्ष्मीबाई माध्यमिक विद्यालय, शहीद वीरनारायण सिंह विद्यालय। इस अवसर पर जोन कमिश्नर सुश्री ऐशा लहरे के द्वारा प्राचार्य एवं स्कूल शिक्षको के उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली भिलाई नगर निगम के रामनगर क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए गुजरा । नगर निगम टीम के द्वारा बच्चों को जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस प्रकार के अभियान समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किए गए और उनके प्रयासों की सराहना की गई। युवोदय स्वयंसेवकों ने भी इस सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से न केवल बच्चों में बल्कि समुदाय के सभी लोगों में भी नशामुक्ति, डायरिया की रोकथाम और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रखने का संकल्प लिया गया है।




**रिसाली ।** नगर निगम के ग्राम डुंडेरा वार्ड के सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल में अव्वस्था ।आने वाले मरीजों को हो रही परेशानी रास्ते में घुटने तक भरा है पानी ।

## सेक्टर -7 में विधायक देवेंद्र यादव ने रुद्राभिषेक कर शहरवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की

**भिलाई, 6 अगस्त।** सावन सोमवार के पावन अवसर पर भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव अपनी धर्मपत्नी श्रुतिका ताम्रकार यादव के साथ सेक्टर 7 शिव मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। महाआरती में विशेष रूप से शामिल हुए। शिवलिंग में बेल पत्र, दूध, दही, पुष्प आदि अर्पित किए। जल चढ़ाया और महामृत्युजय का जाप करके बाबा भोलेनाथ से हाथ जोड़कर भिलाई वासियों के हित और विकास की कामना प्रार्थना की। साथ ही देवों के देव महादेव के समक्ष शिश झूकाकर प्रार्थना की कि बाबा सभी पर कृपा बनाएं रखे। सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए, सभी बच्चे युवाओं और वृद्धजनों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करें।



सावन सोमवार के पावन पर्व की शुरूआत हो गई है। हर साल की तरह इस साल भी एमआईसी सदस्या लक्ष्मीपति राजू ने सेक्टर 7 तालाब में भगवान शिव की आराधना के लिए भव्य महाआरती और रूद्राभिषेक का आयोजन किया। इसके लिए पूरे तालाब का सौंदर्यीकरण की गई है। इस महापर्व में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव विशेष रूप से शामिल हुए। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस दौरान बाबा की भक्ति संगीत में भक्त नाचते झूमते रहे। सुबह 10 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक अंकित तिवारी भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति दी। 11 बजे से महाभंडारा का आयाजन किया गया है। शाम को 4 बजे से लल्लू महाराज रायपुर भजन प्रस्तुत किए। शाम को 1008 महिलाएं तालाब के चारों ओर खड़ीहोकर महादेव की महाआरती की।

भिलाई नगर विधायक हर साल सावन सोमवार के पर्व को बहुत धूमधाम से मनाएंते है। बाबा महाकाल का आराधना करते हैं और शहर के विभिन्न शिवालयों में जाकर पूजाअर्चना करते हैं। सावन के इस पहले सोमवार की शुरूआत विधायक देवेंद्र यादव ने बाबा भोलेनाथ की आराधना से शुरू की। सुबह 7 बजे विधायक श्री यादव विभिन्न शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किए। शिवलिंग पर दूध, बेल पत्र, फल-फूल आदि अर्पित किए। इसके बाद ओम नमः शिवाय की जाप के साथ पूजा आरती की। 108 बार महामृत्युंजय का जाम किया। पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर में स्थिति बाबा भोले नाथ के सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय जामुल में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

**जामुल,6 अगस्त ।** शासकीय महाविद्यालय जामुल में सभी संकाय के प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछौर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में यशवंत ठाकुर, मेघनाथ साहू एवं नूतन वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डाक्टर पीडी सोनकर ने किया। सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचार प्रसार हेतु सभी संकायों के विद्यार्थियों में से दो-दो ब्रांड एंबेसेडर बनाए गए हैं। बीकॉम की एनईपी ब्रांड एंबेसडर धात्री साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला।बीएससी की एनईपी ब्रांड एंबेसडर ईशा साहू ने बताया किस तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित और प्रसारित किया गया है ।बीए के एनईपी ब्रांड एंबेसडर उत्कर्ष साहू ने कहा कि एनईपी में महर्षि कण्व के शिक्षण सिद्धांतों जैसे व्यक्तिगत ध्यान, प्राकृतिक शिक्षा और अनुभव जन्य शिक्षा को भी स्थान दिया गया है। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य महोदय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास हेतु एवं रोजगार मूलक योजना के रूप में रेखांकित किया। श्री यशवंत ठाकुर ने अपने



उदबोधन में बताया कि मात्र किताबी ज्ञान ही शिक्षा नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संस्कृति एवं संस्कार के उचित समन्वय के साथ शिक्षा देने का प्रावधान किया गया है। अतिथि श्री बंछोर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्तमान आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई गई है। इसमें प्रत्येक छात्र के हाथ में एक रोजगार मूलक कौशल हो इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिससे पढ़ाई करने के बाद वे आजीविका उपार्जन करने में सक्षम होंगे । एनईपी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ शशि कश्यप एवं सदस्य डॉ संजय परगनिहा तथा डॉ रचना चौधरी ने नवप्रवेशित छात्रों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में उन्मुखीकरण कार्यकम आयोजित किया। इसमें उन्होंने क्रेडिट सिस्टम, सेमेस्टर प्रणाली, ग्रेडिंग सिस्टम, डीएससी, डीएसई, जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स आदि के बारे विस्तार से चर्चा की गई। इन्होंने छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत करने का पूरा प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन कश्यप एवं डॉ मेश्राम ने और आधर प्रदर्शन डॉ शशि कश्यप ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापिका डॉ चंदना बोस, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर के मिश्रा, बलराज ताम्रकार, डॉ माहूले सुश्री विनिता परगनिहा और सरिता शर्मा सहित सभी कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला समाज ने हर्षोल्लास से मनाया 67वाँ स्थापना दिवस

भिलाई, 5 अगस्त । अंचल और देश की प्रमुख समाजसेवी महिला संगठनों में से एक इस्पात नगरी, भिलाई की सशक्त महिला संगठन, भिलाई महिला समाज ने 4 अगस्त को अपना 67वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं उल्लास पूर्वक मनाया। यह समारोह सिविक सेंटर स्थित, महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित किया गया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ अरुणा पाल्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पाल्टा तथा अध्यक्षता कर रहीं भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता सहित उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पाल्टा ने अपने सारगर्भित भाषण में कहा कि एक समय था जब महिलाएं केवल घरेलू कामकाज और घरेलू जिम्मेदारियों तक ही सीमित रहती थीं लेकिन अब चाहे वह ऑटो-रिक्शा चालक हो या फायर फाइटर जैसी पुरुष प्रधान नौकरी, महिलाएं हर तरह के क्षेत्रों में अग्रणी पदों पर कार्य कर रही हैं। हमारे देश के चंद्रयान परियोजना पर देश गर्व करता है, इस परियोजना में कई महिला वैज्ञानिकों ने प्रमुख पदों पर काम किया और इसे सफल बनाया है। पहले उच्च शिक्षा में महिलाएं केवल स्नातक की डिग्री हासिल करती थीं और फिर उनकी शादी कर दी जाती थी, लेकिन आज मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे विश्वविद्यालय के पिछले दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में अधिकांश विद्यार्थी, महिलाएं ही थीं। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि सभी के सहयोग से ही आज भिलाई महिला समाज इन ऊंचाइयों तक पहुँच पाया है। एकता, समर्थन, निष्ठा और



विश्वास की शक्ति की नींव पर स्थापित यह मजबूत संगठन उन सभी महिलाओं की मेहनत का प्रतिफल है, जिन्होंने अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए इसको सशक्त बनाया है। समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये, भिलाई महिला समाज प्रारम्भ से ही विभिन्न इकाईयों का संचालन करती आ रही है। जिसमें, स्टेशनरी इकाई, दस्ताना इकाई, मसाला केन्द्र, समृद्धि फ्यूल्स आदि शामिल है। भिलाई महिला समाज ने अपने पर आश्रित सभी सदस्य बहनों के वित्तीय प्रकरणों को हल करने का सदैव प्रयास किया है, इसमें संयुक्त सदस्यों के प्रतिभावान बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है और जरूरतमंद दिव्यांग सदस्यों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। भिलाई महिला समाज ने आज 67 वर्ष पूर्ण कर यह साबित कर दिया है, कि इतने लंबे समय तक किसी संगठन को सक्रिय बनाये रखना, कठिन परिश्रम और दृढ़संकल्प से ही सम्भव हो सकता है। समाज की महासचिव श्रीमती साधना गोयल ने विगत वर्षों में भिलाई महिला समाज द्वारा किये गए क्रमशः उत्तरोत्तर प्रगति और उत्कृष्ट कार्यों का वर्णन किया। समारोह में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मोली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी, महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपान्विता पाल एवं भिलाई महिला समाज की विभिन्न उत्पादक इकाइयों की प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष नीरजा कुमारी ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया और उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन श्रीमती दिव्या साहू एवं श्रीमती मृदुला शुक्ला ने किया, महासचिव श्रीमती साधना गोयल ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया >

# नई शिक्षा नीति से देश की तरक्की में बढ़ेगा युवाओं का योगदान:टंकराम वर्मा

**रायपुर, 6 अगस्त।** देश की तरक्की की राह में युवाओं का योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की गई। नई शिक्षा नीति का छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन हो रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार जिले के विभिन्न कॉलेजों में आयोजित दीक्षारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में नौकरी की जगह स्वरोजगार पर जोर दिया गया है, ताकि व्यक्ति आत्मनिर्भर होकर खुद को नौकरी के बजाय अन्य लोगों को नौकरी प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई के साथ-साथ देश की संस्कृति, सभ्यता को महत्व दिया गया है, जिससे छात्रों में गौरवशाली संस्कृति से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नवीनतम तकनीकी ज्ञान का भी समावेश किया गया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नवीन शासकीय महाविद्यालय वटगन, शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी एवं शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने नवप्रवेशी कॉलेज छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने होनहार एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने इस मौके पर वटगन कॉलेज के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस राशि में 10 लाख रूपये के मुख्य सड़क मार्ग से कॉलेज तक पहुंचमार्ग और 10 लाख रूपये सायकल स्टैण्ड, आवश्यक फर्नीचर सहित बाउंड्री वॉल के लिए व्यय की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज को संवारने की जिम्मेदारी हमारी है। हम सब मिलकर इस कॉलेज के लिए बेहतर कार्य करेंगे। इन कार्यक्रमों में पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, पलारी नगर पंचायत यशवर्धन वर्मा, स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी विद्यालय बलौदाबाजार में नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र और उनके पालकगण शामिल हुए।



एक नजर

## समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण है छत्तीसगढ़: केदार कश्यप

**रायपुर, 6 अगस्त।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपनी धर्मपत्नी के साथ रामेश्वरम में भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने हरेली तिहार की बधाई देते हुए कहा कि हमारे बस्तर में इसे अमुस तिहार कहा जाता है। आज के दिन किसान भाई अपने खेतों में जाकर फसल की पूजा करते हैं। अच्छे फसल की मनोकामना के साथ देवस्थानों में कृषि औजारों की पूजा-अर्चना करते है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता हमेशा से समृद्ध रही है। छत्तीसगढ़ के लोक पर्व, लोक संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। इस हरेली तिहार से छत्तीसगढ़ में त्योहारों की शुरुआत होती है, जो कि किसान को समर्पित तिहार है। पूरे प्रदेश में अमुस तिहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंत्री श्री कश्यप ने प्रदेशवासियों को अमुस तिहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विश्वविद्यालय तथा भारतीय मानक ब्यूरो के मध्य हुआ अनुबंध

**रायपुर, 6 अगस्त।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित सभी कृषि प्रदर्शन प्रक्षेत्रों में अब भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तय कृषि पद्धतियों का उपयोग किया जाएगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा भारतीय मान ब्यूरो के मध्य इस संबंध में आज यहां एक अनुबंध किया गया जिसके तहत कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी प्रदर्शन प्रक्षेत्रों में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अनुशंसित मानक पद्धतियों का अनुसरण किया जाएगा। अनुबंध पत्र पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा भारतीय मानक ब्यूरो के उप महानिदेशक श्री दिव्येंदु चक्रवर्ती ने हस्ताक्षर किये। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय भारत का दूसरा कृषि विश्वविद्यालय है जहां भारतीय मानक ब्यूरो तय मानकों का उपयोग किया जाएगा। अनुबंध के तहत भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में अनुसंधान करने वाले शोधार्थियों को मानक अनुसंधान क्रियाओं का प्रयोग करने हेतु वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी जिससे अनुसंधान कार्यां की गुणवत्ता बढ़ेगी और शोधार्थियों को प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में विभिन्न अंचलों में अलग-अलग कृषि पद्धतियां एवं क्रियाओं का उपयोग किया जाता है जिसकी वजह से इसमें विविधताएं पाई जाती हैं।

## डॉ. रमन ने भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पौधे लगाये



**राजनांदगांव 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का दो दिवसीय व्यवस्तम स्थानीय प्रवास आज शाम भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के पेड़ लगाने के साथ ही संपन्न हुआ। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. रमन सिंह दो दिवसीय प्रवास के दौरान जहॉ विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा जी से आशीर्वाद लिया वही महाकाल यात्रा में भी शामिल हुयें। नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लिया तथा अपने निवास में सैकड़ो नागरिकों व विभिन्न संस्थाओं के लोगों से प्रत्यक्ष भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना-समझा व आवश्यक निराकरण भी किया। रायपुर प्रस्थान करने के पूर्व डॉ. सिंह ने जिला भाजपा कार्यालय में बेल व नीम के दो पेड़ लगाये तथा उसके आवश्यक संरक्षण का पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश भी दिया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, विक्रांत सिंह, भरत वर्मा, रघुवीर वाधवा, आभा तिवारी, आकाश चोपड़ा, किरण साहू, मधु बैद, रेखा मेश्राम, शिव वर्मा, त्रिगुण टॉक, दीनू गुप्ता, बंटी भाटिया, तरूण लहरवानी, गोलू सूर्यवंशी, हरीश सोनवानी, राजा माखीजा, गिन्नी चावला, शंकर पटेल, विठ्ठल पटेल, देवकुमारी साहू सहित पार्टी के अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा के सहयोग केंद्र में जनसमस्याओं का निराकरण

**रायपुर 6 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा पदाधिकारी समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। भाजपा के मंत्री लगातार सहयोग केंद्र में लगातार शामिल हो रहे है और समस्याओं एवं आवेदन का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज सोमवार को प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप जन सहयोग केंद्र पहुंचे। जनसमस्याओं को सुनकर उसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय समस्याओं के साथ अन्य विभाग से जुड़े मुद्दे भी आ रहे हैं। प्रमुख रूप से सहकारिता से जुड़े कांग्रेस शासन के अनियमितताओं पर सूक्ष्मता से जांच के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक मंच, मंदिर, सड़क निर्माण, सामाजिक हित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए हैं। सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री विकास महतो, रूपनारायण सिन्हा, विजय शंकर मिश्रा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन देश के मुसलमानो को न्याय देने वाला कानून- डॉ. सलीम राज

**रायपुर 6 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा नेता डॉ. सलीम राज ने केन्द्र की एन.डी.ए. सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किये गये संशोधन का स्वागत करते हुए कहा कि, यह कानून देश के गरीब मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून है। वक्फ एक्ट में संशोधन एवं सुधार समय के अनुसार होना चाहिये, वर्तमान में जो विसंगतिया है उसे दूर किये जाने के लिये यह कानून लाया जा रहा है, जिसका हम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं एन.डी.ए. सरकार का स्वागत करते है।

# स्व श्यामलाल शाह महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**मोहला 6 अगस्त।** स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला एवं नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, मोहला में संयुक्त रूप से दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य 2024 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अथवा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा नीति के नवीन प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। इस समारोह का आयोजन दो सत्रों में हुआ था। प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्रशाह मंडावी (विधायक, मोहला मानपुर अं. चौकी)की उपस्थित अत्यंत शोभनीय थी जिन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा का सामाजिक व आर्थिक महत्व समझाया। साथ ही उन्हें शोध व शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की ताकि वनांचल क्षेत्र मोहला को नई पहचान मिल सके। मुख्य अतिथि खोरबाहरा राम यादव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण को सकारात्मक रूप से अपनाने एवं शिक्षा पर ध्यान देनें की प्रेरणा दी,मंच संचालन प्रमोद जुरेशिया ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण डॉ.जी. के.जोशी (प्राचार्य ,स्व. लाल श्याम शाह मोहला) द्वारा प्रस्तुत किया गया। भूतपूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंगने ने विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया।भाजयुमो अध्यक्ष देवप्रसाद नेताम ने बताया कि वर्तमान विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कारगर सिद्ध होगी।महाविद्यालय के पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष अब्दुल खालिक खान ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दूसरे संकायों के विषयों को अपनी रुचि के अनुरूप चुनाव करने के लिए इंगित किया।लक्ष्मेंद्र शाह ने विद्यार्थियों को वनांचल क्षेत्र में अध्ययनशील होने एवं शिक्षा के क्षेत्र में जनजातीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मार्गदर्शन दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विद्यार्थियों का सबसे बड़ा हथियार है। इसके अतिरिक्त अमित श्रीवास्तव (भाजयुमो कोषाध्यक्ष) एवं अनिल गुप्ता विद्यार्थियों के अभिभावक महाविद्यालय के समस्त संकाय के विद्यार्थीगण एवं शिक्षकगण जी.पी. चंद्रवंशी(सहा.प्राध्यापक प्राणिशास्त्र) , रूपलाल मंडावी(सहा.प्राध्यापक गणित), नागेश मंडावी, पूनम खरे (सहा. प्राध्यापक वाणिज्य), सुखदास साहू, प्रमोद जुरेशिया,भानु प्रताप वर्मा, डॉ.रीना कोमरे,महावीर जैन,रामकुमार साहू व अन्य सहायक कर्मचारी उपस्थित थे।आभार प्रदर्शन रूपलाल मंडावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्रत्येक संकाय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को ह्श्वक्क एंबेसडर नियुक्त किया गया।महाविद्यालय के ह्श्वक्कप्रकोष्ठ प्रभारी जी.पी.चंद्रवंशी ने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इस विषय पर विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की। नागेश मांडवी जी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिसमें उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण करके विद्यार्थी अच्छे प्रतिशत से उत्तीर्ण हो सकते है एवं विविध विषयों का ज्ञान भी प्राप्त कर सकते हैं।



# भव्य दीक्षारम्भ समारोह में छात्रों का स्वागत, विधायक हुई शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 अप्रैल।** क्षेत्र के ग्राम घुमका में शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका में भव्य दीक्षा आरंभ समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल , अध्यक्षता जनपद सदस्य दिलीप पटेल , विशिष्ट अतिथि सरपंच फूलमती जयकुमार वर्मा , विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान पाठक के के दुबे मंचस्थ थे । कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के चैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना अरपा पैरी के धार के साथ किया गया इस । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि 2024 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक छात्र जीवन के लिए बहुत बड़ा बदलाव लाने की योजना है कहां जाए तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए छात्र का रुझान किस विषय की ओर है के बारे में हमें विस्तृत जानकारियां मिल सकती है और अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा हमें मिलेगी । उन्होंने कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं अपने क्षेत्र के महाविद्यालय में प्राअध्यापकों और छात्राओं के बीच अपने आप को धन्य महसूस कर रही हूं वैसे शिक्षा के क्षेत्र में मेरा सर्वप्रथम लगाव रहा है इसलिए मैं आज सीधे-सीधे छात्र-छात्राओं से जुड़ रही हूं । उन्होंने छात्र- छात्राओं से उनकी रुचि पूछकर कहा कि आपका एक लक्ष्य होना चाहिए कि आप किस किस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं यदि आप डॉक्टर या इंजीनियर ,प्राध्यापक ,कलेक्टर ,पुलिस के अधिकारी बनना चाहते है लेकिन आपका परफॉर्मेंस अच्छा हो । जिस पर छात्र उमेश साहू ने कहा कि मैं नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहा था डॉक्टर बनना चाहता था किंतु उस परीक्षा में मुझे पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिली और अब मैं सिविल सेवा कलेक्टर अथवा पुलिस अधिकारी बनू इस और मेरा लक्ष्य है जिस पर विधायक ने कहा कि यदि आपको लक्ष्य प्राप्त करना है और उस आसमान को छूना है तो इस प्रतियोगिता के दौर में आपको सभी विषयों में फिट होना होगा । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यदेव त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह एक प्रकार का प्रबोधन कार्यक्रम है जिसमें छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश लेने के साथ ही छात्रो को प्रेरणा मिल सके । कार्यक्रम के प्रभारी प्रोफ़ेसर दीपक वर्मा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन लाल यादव , वरिष्ठ प्रधान पाठक सेवानिवृत्ति के के दुबे , सेवानिवृत शिक्षक सी एल आडिल , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रहलाद यादव , दौलत देवांगन ,दुर्गेश द्विवेदी ,कैलाश शर्मा, गौरव शर्मा ,प्रोफेसर देशलहरा उपस्थित थे।



## प्रधानपाठक वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे

**नगरी 6 अगस्त।** छत्तीसगढ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा एक आदेश जारी कर निर्देशित किया गया है कि प्रदेश भर के स्कूलों में व्यवस्था के तहत पदस्थ शिक्षकों को उनके मूल स्थान पर पदस्थापना किया जाए, इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में धमतरी जिले के नगरी विकास खंड के स्कूलों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं को अपने मूल शाला में लौटने का आदेश दिया गया है, लेकिन पंडरीपानी स्कूल के प्रधान पाठक कोमलू राम नेताम ने शासन के आदेश व अपने ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद एक महिला शिक्षक को दुर्भावना वस प्रताड़ित कर ज्वाइनिंग लेने नहीं दे रहा है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंडरीपानी मॉल में पदस्थ महिला शिक्षक सुषमा आदि को संलग्न कारण के तहत ग्राम पाइप भाटा में स्कूल में संलग्न किया गया था जिसे शासन के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने संलग्नीकरण को समाप्त कर उक्त महिला शिक्षक को उनके मूल स्थान शासकीय प्राथमिक शाला पंडरीपानी मॉल में कार्यभार करने हेतु निर्देश दिए गए, आदेश के परिपालन में शिक्षिका सुषमा अड़िल दिनांक 16.7.2024 को जॉइनिंग करने स्कूल गई थी लेकिन प्रधान पाठक अपनी मनमानी करते हुए शिक्षिका को कार्यभार ग्रहण करने नहीं दिया, उक्त हेड मास्टर का बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं है, बल्कि राजनीति करने में लगे हुए हैं, हेडमास्टर के द्वारा दबंगई पूर्वक अपने ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारीयों के आदेश का खुलेआम उलंघन किया जा रहा है, इसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारी प्रधान पाठक के खिलाफ आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया है, जिसके कारण उक्त प्रधान पाठक का हौसला काफी बुलंद हो गया है।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 6 अगस्त।** रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में दीक्षारंभ (प्रवेश उत्सव) कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई।कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्?वती की प्रतिमा के माल्?यापर्ण एवं दीप प्रज्?जवल के साथ हुआ व तिलक लगाकर नवप्रवेशित छात्राओं का स्?वागत किया गया ।जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नव प्रवेशी का बच्चों का अभिनंदन कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया और कहा कि जीवन में हमेशा चलते रहना चाहियें दौडते रहना चाहिये तभी हम मंजिल तक पहुँच सकते है। दीक्षारंभ कार्यक्रम बच्?चो मे ज्ञान संस्?कार आत्?मनिर्भरता एवं परस्?पर संबंधो की स्?थापना पर आधारित है। इसलिए सभी छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आना चाहिए ।महाविद्यालय मे विभिन्?न योजनाएं संचालित होती है विभिन्?न कार्यक्रम होते है आप सभी अच्छे से अध्ययन करे और शासन की विभिन्?न योजनाओं का लाभ ले सकते है।साथ ही प्राचार्य डाक्टर सुषमा चौरे ने नई शिक्षा पथती के बारे में बच्चो को जानकारी दी साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर माहाविधालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया.इस अवसर पर भाजपा मंडल मंत्री श्रीमती संगीता यादव, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा चौरे,ह्श्वस्न संयोजक डा राजेन्द्र शर्मा,डा एच. एस भाटिया, श्री विनम चौरे,मंच संचालक श्रीदुष्यंत उपस्थित थे।



## शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दीक्षारंभ में

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों की जानकारी दी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के अकादमिक कलेण्डर 2024-25 के अनुसार 5 अगस्त को सोमवार प्रातः 11 बजें से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन प्रोग्राम, दीक्षारंभ समारोह के रूप में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं इस सत्र से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डोंगरगढ़ विनोद खांडेकर, न.पा.प. उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, स.शि.उ.मा.वि.डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत सहमंत्री सुश्री रश्मि देवी एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ के राजगीत से की गई। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती द्वारा स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक रामजी भारती ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु तन्मयता के साथ अध्ययन करने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने विद्यार्थियों को समय का सद्उपयोग करने के संबंध में अंग्रेजी के वॉच (धड़ी) के प्रत्येक अक्षर का सार बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं समायोजित ढंग से अपना लक्ष्य प्राप्त करने का आव्हान किया। स.शि.उ.मा.वि.डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील जैन चीकु ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को छात्र जीवन को जीवन का सबसे अच्छा समय बताते हुए इसका सद्उपयोग करने के साथ-साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत सहमंत्री सुश्री रश्मि देवी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संबंध में जानकारी देने के साथ-साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी दी साथ ही महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी अधिक से अधिक सहभागिता देने की अपील की।




समाचार संक्षेप

## वार्ड 16 व 17 में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा आयोजित



**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** 5 अगस्त को नगर के वार्ड क्र. 16 एवं 17 स्थान नगरपालिका बाल मंदिर डोंगरगढ़ में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 61 आवेदन व मांग 53 व शिकायत 06, एवं अन्य-02, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृध्दावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नामांतरण स्वरोजगार, नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों/गलियों की सफाई, कचरे की सफाई, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गढ़ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट बंद रहना आदि समस्याएँ के लिए आवेदन प्राप्त हुऐ। इस अवसर पर सुदेश कुमार मेश्राम अध्यक्ष नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ उमा महेश वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, अमीत जैन, मंडल अध्यक्ष शहर भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ एवं श्रीमती सविता दरगढ़, शहर अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा डोंगरगढ,कमलेश धमगाये पार्षद, श्रीमती काजल डोंगरे पार्षद, राकेश अग्रवाल पार्षद, डी.एकेश राव पार्षद, एवं चन्द्रकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन निकाय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में किया जायेगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने किए माँ बमलेश्वरी के दर्शन

**डोंगरगढ़ 6 अगस्त।** सावन माह के तीसरे सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह धर्मनगरी पहुँच माँ बमलेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की मनोकामना करते हुए मां बमलेश्वरी मंदिर में माथा टेका तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में विकास कार्य प्रगति पर है यह विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। किरण देव सिंह के आगमन में पूर्व विधायक राम जी भारती डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन पूर्व पार्षद व एल्डरमैन महामंत्री राकेश अग्रवाल सुनील जैन पूर्व पार्षद व एल्डरमैन मुकेश रामटेक डिंपी महापात्र महेंद्र भाई पटेल नागेंद्र परिहार अभिषेक साहू जयंत साहू सुरेंद्र सिंह बन्नो आना श्याम तिवारी शशिकांत द्विवेदी लक्ष्मी यादव अनीता इंदुरकर सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विहंगम योग संस्थान के प्रांतीय मीडिया प्रभारी ने जताया सीएम साय का आभार



**रायपुर 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल होने के लिए संस्थान के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मानेश्वर नाग ने जताया है । नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में जय स्वर्वेद कथा आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामय उपस्थिति के लिए हम उनका आभार जताते है ।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आठ अगस्त को

**मोहला 6 अगस्त।** एकलव्य आवासीय विद्यालय के कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए जारी नियमावली एवं प्रवेश नीति 2024-25 में निहित प्रावधान अनुसार प्रवेश के लिए मेरिट/आरक्षण का पालन करते हुए काउंसलिंग हेतु सूची तैयार की गई है जिसे एकलव्य आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर(संचालन अंबागढ़ चौकी) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास अंबागढ़ चौकी में चस्पा किया जाएगा।जारी की गई सूची को एकलव्य आवासीय विद्यालय के वेबसाइट पर एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में देखा जा सकता है काउंसलिंग हेतु आवश्यक दस्तावेजो में आवेदन पत्र कक्षा पांचवी उत्तीर्ण अंकसूची,विधार्थी का जन्म प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र,सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र,वे विधार्थी जिन्होंने अपने माता पिता को वामपंथी उग्रवाद/विद्रोह/कोविड में खो दिया है उक्त संबंध में आवश्यक प्रमाण पत्र,विधवाओं के बच्चों के लिए पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र,दिव्यांग माता पिता के बच्चों के लिए माता पिता का दिव्यांग प्रमाण पत्र,दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र,जिस विकासखंड में विद्यालय स्थित है उस विकासखंड के शासकीय अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ/ एकलव्य विद्यालयों के स्टाफ के बच्चों के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र मांगा गया है ।

संपादकीय

# आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

यह बात माननी पड़ेगी कि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर ऐतिहासिक फैसला दिया है। वर्तमान समय की देखते हुए आरक्षण पर ऐसे ही फैसले की जरूरत भी देश के लोग महसूस कर रहे थे, इसलिए कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की बेंच ने बहुमत से जो फैसला दिया है, देश जैसा फैसला चाहता था, यह वैसा ही फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने कोटे के अंदर कोटे की इजाजत दी है और कहा है कि बरसों से बहुत से लोगों को आरक्षण का फायदा नहीं मिल रहा है, ऐसे लोगों को आरक्षण का फायदा देने के लिए जरूरी है कि जिन लोगों को आरक्षण का फायदा एक बार मिल चुका है, ऐसे लोगों को आरक्षण के दायरे से बाहर करना जरूरी है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के दिए फैसले को पलट दिया है, जिसमें कहा गया था कि कोटे के अंदर कोटा नहीं दिया जा सकता। जिसमें हाईकोर्ट ने एससी,एसटी को एक समूह के रूप में देखा था और कहा था कि संविधान में आरक्षण समूह को दिया गया है,इसलिए आरक्षण समूह को ही मिलना चाहिए। कोटे के अंदर कोटे से समूह की कई जातियों को आरक्षण से वंचित करना पड़ेगा। हाईकोर्ट के फैसले के विपरीत सुप्रीम कोर्ट ने एससी,एसटी को एक समूह की जगह जातियों का समूह माना है और कहा है कि आरक्षण सबके लिए है तो वह सबको समान रूप से मिलना भी चाहिए। अपने ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को सरकारी नौकरी में एससी,एसटी के लिए नौकरियों व शैक्षणिक संस्थाओं में कोटे के अंदर कोटा बनाकर नौकरी देने की अनुमति दे दी है। कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकारें एससी व एसटी जातियों में ऐसी जातियों की पहचान करेंगी जिनको आरक्षण की लाभ नहीं मिला है तथा एससी व एसटी के लिए जितना आरक्षण तय है, उसमें उनको इनकी संख्या,आर्थिक,शैक्षणिक, सामाजिक स्थिति को देखते हुए आरक्षण अलग अलग दिया जा सकेगा। पीठ के सात न्यायाधीशों में से चार जस्टिस गवई,विक्रम नाथ,पंकज मित्तल,सतीश चंद्र शर्मा ने अनुसूचित जति, जनजाति में क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हे आरक्षण के दायरे से बाहर करने की बात कही है। जस्टिस गवई ने कहा है कि राज्य को इसके लिए शिक्षा नीति बनानी चाहिए, सभी समानता हासिल कर सके इसके लिए यही एक तरीका है। जस्टिस विक्रमनाथ ने कहा है कि ओबीसी पर लागू क्रीम लेयर सिध्दातं एससी पर भी लागू होना चाहिए। इसके मानदं ओबीसी से अलग हो सकते हैं।जस्टिस मित्तल का कहना है कि आरक्षण किसी भी श्रेणी में पहली पीढी को ही मिलना चाहिए। यह राज्य को देखना चाहिए कि आरक्षण के बाद दूसरी पीढी सामान्य की श्रेणी में आ गई है या नहीं। जस्टिस शर्मा ने कहा है कि एससी,एसीटी में क्रीम लेयर की पहचान सांविधिनिक अनिवार्यता होनी चाहिए।शीर्ष अदालत ने कहा है कि राज्यों को उप वर्गीकरण से पहले स्थापित करना होगा कि किसी जाति या समूह का आरक्षण में कम प्रतिनिधित्व उसके पिछड़ेपन का कारण है। राज्य को इसे साबित करने वाला आंकड़े जुटाने होंगे। यह तो स्वीकारना होगा कि जब आरक्षण की जरूरत महसूस की गई थी तो माना गया था कि यह किसी जाति की जगह समूह को दिया जाए। तब एक पूरा समूह ही आरक्षण के लायक लगता था। आरक्षण के बरसों बाद अब माना जा रहा है, समूह को आरक्षण दिए जाने से उसका लाभ पूरे समूह को मिल नहीं रहा है। इसके लिए जरूरी हो गया है कि जिन लोग आरक्षण का लाभ पाकर ऊपर उठ गए हैं, उनकी पहचान कर उनको आरक्षण दायरे से बाहर किया जाए तथा जातियों के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक स्थिति के आधार पर अब आरक्षण से वंचित लोगों को आरक्षण दिया जाए। अब तक हो यह रहा था कि जिन लोगों का आरक्षण मिल रहा है, उनकी एक दो नहीं तीन तीन पीढियों को आरक्षण का लाभ मिल गया है और कई जातियों की तीन तीन पीढ़ियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। सुप्रीम कोर्ट का कोटे में कोटा देने का फैसला वंचित लोगों को आरक्षण देने के लिए किया गया है लेकिन इस देश में हर मुद्दे पर राजनीति होती है तो इस मुद्दे पर भी जरूर होगी। अभी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर जातिवादी दलों की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वह सोच रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का वह राजनीतिक लाभ कैसे उठा सकते हैं। इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ वह क्या कह सकते हैं और क्या कर सकते हैं। वैसे भी जातिवादी दल जाति गणना के मुद्दे पर माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

आपदा

तनवीर जाफरी

# हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे



मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन,बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ,किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता। परन्तु रिहायशी इलाक़ों में पानी भर जाना,भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना,नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13,450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कायर्वाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोटिकाे भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष ? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा ? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल,अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स ? इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत?येंद्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी।ह्ल अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत?येंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का ? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे। ऐसी ही शुरुआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के




सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नवनिर्मित एयरपोर्ट को जल-भराव के कारण अपनी चपेट में कैसे ले लिया ? इसी तरह जयपुर में भी पिछले दिनों हुई बारिश ने तो पूरी गुलाबी नगरी को ही डुबो कर रख दिया। स्मार्ट सिटी कहे जाने वाले जयपुर में एयरपोर्ट,रेलवे स्टेशन,अस्पताल,कार्यालय,स्कूल,बाजार,मुहल्ले कॉलोनी पुलिस थाने आदि सभी जलमग्न हो गये। जगह-जगह सड़कें धंस गईं, जिनमें स्कूल बस, रिक्शा, कारें और बुलडोजर तक समा गए। इसी तरह बंगाल के बधर्मान जिले के दुर्गापुर में हुई लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे के परिसर में और उसके आसपास जलभराव हो गया है। जिससे क़ाजी नजरूल इस्लाम हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली और बेंगलुरु सहित हवाई अड्डे से आने-जाने वाली लगभग तीन उड़ानों को रद्द करना पड़ा।इसी प्रकार बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी भारी जलजमाव की खबरें हैं। पिछले दिनों यूपी की राजधानी लखनऊ में भी तेज बारिश के चलते विधानसभा सचिवालय भवन में पानी घुस गया। जब सदन में पानी घुसा तो उस समय वहां सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। उन्हें सदन से बाहर निकलने के लिए दूसरे गेट का इस्तेमाल करना पड़ा। लगभग पूरे विधानसभा भवन के अंदर बारिश का पानी घुस गया । सदन के ग्राउंड फ़्लोर के सभी कमरे जलमग्न हो गए। सिपाहियों व कई अन्य कमर्चारियों ने जलभराव के चलते दीवार और गेट पर चढ़ कर अपनी जान बचाई। इतना ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री आवास के बाहर पार्क रोड पर भी जबरदस्त जल भराव हो गया। सिविल अस्पताल रोड पर हुए जलभराव में तो कई वाहन बंद हो गए। हजरतगंज के कई इलाक़ों में तो बाढ़ जैसे हालात नजर आये। यहां नगर निगम समेत कई अन्य सरकारी कार्यालयों में भी बारिश का पानी घुस गया। पिछले दिनों दिल्ली के राजेंद्र नगर में यू पी एस सी की कोचिंग लेने आये कई बच्चे बेसमेंट में डूबने से मर गये। निश्चित रूप से बारिश प्रकृति का एक ऐसा उपहार है जो अत्यधिक होने पर हमें परेशानी में तो जरूर डाल देता है। परन्तु हम जिस विकसित भारत के निर्माण की माला जपते रहते हैं, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में छलांग लगाने की बातें करते रहते हैं उसमें इस तरह की ग़ैर जिम्मेदाराना भ्रष्ट व अकुशल व्यवस्था की कोई गुंजाईश नहीं है। देश को लूटने व बेच खाने वाला निकृष्ट नेतृत्व जो छतों का टपकना नहीं रोक सकता,बरसाती पानी की निकासी सुनिश्चित नहीं कर सकता,नालों व नालियों की समय रहते सफाई नहीं करवा सकता, ऐसी संसद,विधान सभा और एयरपोर्ट तक को डूबने से न बचा पाने वाली 'डूबती' सरकार व शासन व्यवस्था के लिये तो यही कहा जा सकता है कि - हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने धन संबंधित मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपके सरकारी काम के पूरे होने की संभावना है। आपका कोई काम पूरा होने से अपने घर किसी मागंलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। आपको अपने किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती हैं। संतान को किसी नई नौकरी के मिलने से घर से दूर जाना पड़ सकता है। विद्याथिर्यों को अपनी शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए गुरुजनों से बातचीत करनी होगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपको अपने भाई बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपको अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। घर परिवार में आपको कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपकी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे, इसलिए आप बहुत ही तोलमोल कर बोले। यदि आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो, तो उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा, जिसे देखकर आपको खुशी होगी। आप अपनी बुद्धि से काफी कुछ पा सकते हैं। आप किसी अपरिचित व्यक्ति के सामने कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है। जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप यदि किसी उलझन को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो उसके लिए आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। आपको किसी सेहत संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना है। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप पुराने गिले शिकवे ना उखाड़ें। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश करेंगे, जिन्हें आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात देंगे। आपका कोई लेन देन से संबंधित मामला आपको परेशानी देगा। आपकी अपने जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आप अपने परिजनों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने पिताजी से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत करनी होगी। आपको बिजनेस में किसी बड़ी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। रचनात्मक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आप अपनी सुख सुविधाओं पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। कारोबार कर रहे लोगों को अपने कामों को लेकर प्लानिंग करके आगे बढ़ना होगा। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटक रही थी, तो वह भी पूरी हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

तुला- आज के दिन व्यवसाय कर रहे लोगों किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करनी पड़ सकती है। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। यदि आपने किसी घर या मकान आदि की खरीदारी करने का सोचा था, तो वह भी आप आसानी से कर सकते हैं। आपको करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेना पड़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन किसी नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोग किसी समस्या में आ सकते हैं। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसमे आप ढील बिल्कुल ना दें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको मिलने का मौका मिलेगा। आप कोई ऐसी बात ना बोले, जिससे कि आपको कोई बात बुरी न लगे, इसलिए आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

धनु- नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम अधिक रहने के कारण परेशान रहेंगे। आपको अपने पारिवारिक समस्याओं को धैर्य रखकर सुलझाने की आवश्यकता है। आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। यदि आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिले, तो आप उसमें भी धैर्य बनाए रखें। जीवनसाथी की सेहत कुछ कमजोर रहेगी, जिस कारण तनाव आपके ऊपर हावी रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में अपनी आंख व कान खुले रखने होंगे। यदि कार्यक्षेत्र में कोई लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाएं। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को लेकर बातचीत करनी होगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। विद्याथिर्यों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको एक दूसरे के साथ समय बिताना पसंद आएगा। आप किसी से प्रलोभन में ना आएं, नहीं तो बाद में आपको कोई नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो आपको उसे दूर करने के लिए उनके मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी। विदेश में रह रहे किसी परिजन को आपकी याद सता सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप शीघ्रता में कोई निर्णय न लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आपको अपने कामों को धैर्य रखकर सुलझाने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की साथी से कोई खटपट हो सकती है। आपके सुख साधनों में वृद्धि होगी। आप अपने बिजनेस के कामों को लेकर किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। जीवनसाथी से पूछकर आपको संतान के करियर को लेकर निर्णय लेना अच्छा रहेगा।

## केवल नाम के वास्ते

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त,

शहर के नामचीन कॉलेज में सालाना व्याख्यान का आयोजन था। बुढ़ऊ झांकीलाल को मुख्य वक्ता के रूप में बुलाया गया था। आयोजक जान-बूझकर उन्हें बुलाते थे क्योंकि वे अपने तीखे व्यंग्य और तीक्ष्ण कटाक्ष के लिए प्रसिद्ध हैं। हालांकि, ये लोग उन्हें पीछे से गालियां देते थे और उनके व्यंग्य बाणों से भीतर ही भीतर खार खाते थे। लेकिन क्या करें, भीड़ को हंसाने के लिए किसी न किसी को तो बलि का बकरा बनना ही पड़ता है। व्याख्यान का विषय था ₹समाज और हम,₹ लेकिन यह केवल नाम की बात थी। असल में, सभी को बुढ़ऊ झांकीलाल के व्यंग्य और तंज सुनने का ही इंतजार था। लोग जानते थे कि वे राजनीति और समाज के सवालों पर खुलकर बोलता हैं, और यह वही कारण है कि उन्हें बुलाया गया था। हालाँकि, इस बार उन्हें बुलाने वाले उनसे अंदर ही अंदर नाखुश थे, लेकिन ऊपर से मालाएँ पहनाकर स्वागत कर रहे थे। जैसे ही मैंने व्याख्यान शुरू किया, बुढ़ऊ झांकीलाल ने सबसे पहले समाज में फैली निराशा और भ्रष्टाचार पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ₹हमारे देश में रिश्वतखोरी इतनी बढ़ गई है कि आजकल ईमानदारी भी उधार मिलती है। बस गारंटी के तौर पर कुछ रिश्वत रखनी होती है।₹ आगे उन्होंने शिक्षकों पर टिप्पणी की, ₹आजकल के शिक्षकों का हाल ऐसा है कि वो बच्चों को पढ़ाने के बजाय उन्हें परीक्षा में कैसे चीटिंग करनी है, ये सिखाते हैं। और जब बच्चों की चीटिंग पकड़ी जाती है तो कहते हैं, 'शिष्य ने गुरु का मान बढ़ाया है !' श्रोताओं में एक जोर का ठहाका गूंजा। सभी बड़े मजे में थे। आयोजक, जो उनरी निंदा करने में सबसे आगे रहते थे, वे भी मुस्कुराते हुए दिखे। पर उनकी मुस्कान में एक कड़वाहट भी छुपी थी। वे जानते थे कि वे सच कह रहा हैं, लेकिन उनके लिए तो ये सब मनोरंजन का हिस्सा था। फिर उन्होंने समाज में व्याप्त अंधविश्वास पर व्यंग्य करते हुए कहा, हमारे समाज में विज्ञान के नाम पर इतनी समझदारी है कि लोग अब भी मानते हैं कि नींबू-मिर्ची लटकाने से बुरी नजर नहीं लगती। बस ध्यान रखें, बुरी नजर से बचने के लिए नजरबट्टू पर जो खर्चा होता है, वो हमेशा जेब से जाता है।₹ इस पर भी सभा में जोरदार हंसी और तालियों की गूंज सुनाई दी। लेकिन उनके लिए ये हंसी नहीं, बल्कि समाज के बौद्धिक पतन का प्रमाण था। फिर उन्होंने नेताजी की ओर इशारा करते हुए कहा, ₹आजकल के नेता ऐसे हैं कि चुनाव के वक्त कहते हैं, 'आप हमें वोट दीजिए, हम आपके सारे दुख दूर करेंगे।' लेकिन ये नहीं बताते कि वोट देने के बाद दुखों के दूर होने का मतलब है कि आप दुखी रहना भूल जाएंगे, क्योंकि अब दुखों के बजाय सरकार की करतूतें आपको ज्यादा परेशान करेंगी।₹ नेताजी भी हंसने लगे, जैसे कोई बड़ा मजाक सुना हो। लेकिन उनके दिल में कुछ और ही चल रहा था। वे जानते थे कि बुढ़ऊ की बातें सच हैं, लेकिन भीड़ के सामने इज्जत बचाने के लिए हंसना ही बेहतर था। अंत में, उन्होंने व्याख्यान समाप्त करते हुए कहा, आप सब ने मेरी बातें सुनीं, हंसी-ठिठोली की, ताली बजाई। पर सच कहूँ तो तीन घंटे पहले जो ईमानदार मैं था, उतना ही अब भी हूँ। आपकी बात मुझे समझ नहीं आई, शायद मेरी बात आपको भी समझ नहीं आई। पर कोई बात नहीं, आप हंसे, ताली बजाई, मुझे भी आपका साथ अच्छा लगा।₹ सभा में एक बार फिर तालियां बजीं, और लोग हंसते-खुश होते रहे। बुढ़ऊ झांकीलाल की बातें खत्म होने के बाद भी उनकी हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी।

राजनीति

अजय कुमार,लखनऊ

# यूपी के माननीय क्यों नहीं चाहते हैं अंग्रेजों के बनाये नजूल भूमि कानून में बदलाव



देश का कोई भी हिस्सा या राज्य हो वहां पड़ी नजूल की जमीन की स्थिति ठीक वैसी ही होती है जैसे किसी एक बच्चे के कई बाप का होना। नजूल की जमीन( सरल शब्दों में सरकारी जमीन) को सब अपनी बपौती समझते हैं। गरीब जनता की तो इतनी हिम्मत नहीं होती है कि वह सरकारी जमीन पर कब्जा कर सके,लेकिन ताकतवर लोगों जिसमें नेताओं से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी और बिल्डर आदि शामिल होते हैं, के लिये यह जमीन सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित होती है। नजूल की जमीन पर कब्जा करने का सबसे आसान तरीका है उसे लीज पर हासिल कर लेना ,क्योंकि जमीन का कोई मालिक नहीं होता है इसलिये सरकारी कुर्सी पर बैठे अधिकारी और बाबू ही इसके ह्यमालिकह्ल बन जाते हैं।वह सेटिंग के सहारे नजूल की जमीन का ह्यसौदाह्ल कर देते हैं। इसी लिये जब नजूल भूमि कानून विधान सभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिये विधान परिषद पहुंचा तो वहां करीब-करीब सभी दलों के माननीयों ने एकजुट होकर इसे ह्यठंडे बस्तेह्ल में डाल दिया। यानी माननीय नहीं चाहते हैं कि नजूल जमीन के लिये कोई ऐसा नया कानून बनें जिसके चलते नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल बंद हो जाये।इस कानून को लेकर सत्ता पक्ष में मनमुटाव की खबरें आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो योगी सरकार को चुनौती तक दे दी वह नजूल जमीन पर नया कानून बना ही नहीं सकते हैं। वैसे विरोध समाजवादी पार्टी की तरफ से भी कम नहीं हुआ था।

दरअसल, 31 जुलाई को यूपी विधानसभा में भारी हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 पारित किया गया था। इसके बाद जब पहली अगस्त को यह विधेयक विधान परिषद में आया तो इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया। सबसे खास बात यह रही कि इस विधेयक का समाजवादी पार्टी के नेताओं के अलावा भाजपा के कई नेताओं ने विरोध किया है। वहीं एनडीए में भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी ने इससे असहमति जताई है। विधेयक के अनुसार, कानून लागू होने के बाद किसी भी नजूल भूमि को किसी निजी व्यक्ति या निजी संस्था के पक्ष में पूरा मालिकाना हक हस्तांतरित करने पर रोक लग जाती। इसके बजाय, नजूल भूमि का इस्तेमाल सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता। विधेयक में प्रस्ताव किया गया था कि नजूल भूमि को निजी व्यक्तियों या संस्थाओं को हस्तांतरित करने के लिए कोई भी अदालती कार्यवाही या आवेदन रद्द कर दिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये भूमि सरकारी नियंत्रण में रहे।कुल मिलाकर विधेयक का उद्देश्य नजूल भूमि प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और अनधिकृत निजीकरण को रोकना बताया गया है।




बता दें उत्तर प्रदेश में लम्बे समय से नजूल की बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल चल रहा है। लगभग दो लाख करोड़ रुपये की इन सरकारी जमीनों को सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराने की जद्दोजहद की जा रही है। इन जमीनों को निजी हाथों में जाने से बचाने के लिए लाया गया योगी सरकार का उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति-2024 विधेयक विधान परिषद में अटक गया,तो इससे कई ताकतवर लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब हो उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार हेक्टेयर जमीन नजूल की है,जिसमें से कम से कम चार हजार एकड़ जमीन फ्री होल्ड कराई जा चुकी है और अब नजूल जमीनों के मालिकाना हक को लेकर 312 केस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं। करीब 2500 केस पाइप लाइन में हैं। इनसे जुड़ी जमीनों की कीमत लगभग दो लाख करोड़ रुपये है। ये जमीनें सबसे ज्यादा प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी आदि में हैं। नजूल की जमीनों को फ्री होल्ड कराने का केंद्र प्रयागराज है। यहां लगभग पूरा सिविल लाइंस नजूल की जमीन पर है। एक-एक बंगला 100 से 250 करोड़ रुपये का है।इसी के चलते प्रयागराज निवासी और डिप्टी सीएम चाहते थे कि यह कानून पास हो जाये,लेकिन उन्हीं की पार्टी वालों ने इसका पलीता लगा दिया।

नजूल की जमीन के लिये कैसे खेल होता है,उसकी पूरी बानगी समझने के लिये बता दें कि किसी नजूल जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 50 करोड़ रुपये है तो इस जमीन का बाजार भाव 100 करोड़ होगा। लेकिन मौजूदा नजूल जमीन कानून के तहत इसे सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराया जा रहा है। यानि वह व्यक्ति केवल पांच करोड़ रुपये में 100 करोड़ रुपये की जमीन का मालिक बन जाता है। जबकि खास बात यह है कि नजूल एक्ट में फ्री होल्ड का प्रावधान ही नहीं है, लेकिन अब तक कम से कम 25 फीसदी नजूल की जमीन को इस तरीके से फ्री होल्ड कराया जा चुका है।

नजूल की जमीन है क्या, यह इस तरह से समझा जा सकता है आजादी से पहले अंग्रेजी हुकूमत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और लगान चुका पाने में विफल लोगों की जमीनों को छीन लिया था। इसके बाद 1895 में गवनर्मेंट ग्रांड एक्ट के तहत ये जमीनें मामूली किराये पर अंग्रेजों ने लीज पर दे दीं। इनकी लीज अवधि 90 वर्ष तक थी। लीज पर दी गई इन जमीनों पर सरकार का मालिकाना हक कभी खत्म नहीं होता था।ऐसी जमीनों को फ्री होल्ड से रोकने के लिए प्रदेश सरकार नजूल एक्ट लाई है। सरकार इस एक्ट के जरिए नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने के खेल पर रोक लगाना चाहती है। प्रस्तावित एक्ट के मुताबिक नजूल की जमीनों पर जो लोग रह रहे हैं, उन्हें नहीं छेड़ा जाना था तो वहीं गरीब और कमजोर लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की भी बात कही गई थी। यानी उन्हें हटाया भी नहीं जाएगा। केवल बची जगह पर पार्किंग, पार्क, सरकारी संस्थान, सरकारी शिक्षण संस्थान, पीएम आवास योजना या अन्य सार्वजनिक उपयोग में लाने का प्रावधान किया गया था। वहीं नजूल जमीन पर बसे बाजारों को बेहतर बनाने का प्रावधान था। नजूल एक्ट को देश के शीर्ष कानूनी विशेषज्ञों की राय से तैयार किया गया है। खैर, यह समझ लेना भी जरूरी है कि नजूल की जमीन को लेकर स्वतंत्र भारत के आज तक कोई नजूल एक्ट वजूद में ही नहीं था। मानसून सत्र में पहली बार यूपी में नजूल की जमीनों को लेकर विधेयक लाया गया। 1895 में ब्रिटिश सरकार गवनर्मेंट ग्रांड एक्ट लाई थी, जिसके तहत जमीन लीज पर देने का प्रावधान किया गया था। उस समय शहरों की तुलना में कृषि जमीनों की कीमत ज्यादा थी, इसलिए शहरी जमीनों के बड़े-बड़े टुकड़े अंग्रेजों ने लीज के रूप में दे दिए थे। आज हालात बदल गए हैं। वर्ष 2020 में इसी एक्ट को दोबारा पास कर दिया गया था। गवनर्मेंट ग्रांड एक्ट में ऑटोमेटिक रिन्यूअल का प्रावधान है, लेकिन उसमें रहने वाला जमीन का मालिक नहीं हो सकता। वह किसी तीसरे पक्ष को जमीन नहीं दे सकता। वह किसी तीसरे पक्ष के लिए जमीन दी गई है, उसके अलावा अन्य किसी उपयोग में लाने पर लीज को निरस्त किया जा सकता है।

नया नजूल भूमि एक्ट यह अमली जामा पहन लेता है तो इसके बाद उत्तर प्रदेश में किसी भी नजूल भूमि को किसी प्राइवेट व्यक्ति या प्राइवेट एंटिटी (संस्था या अन्य) के पक्ष में फ्रीहोल्ड (स्वामित्व) नहीं किया जा सकेगा। खाली पड़ी नजूल भूमि जिसकी लीज अवधि समाप्त हो रही है, उसे फ्रीहोल्ड न करके सार्वजनिक हित की परियोजनाओं जैसे अस्पताल, विद्यालय, सरकारी कार्यालय आदि का उपयोग के लिए किया जाएगा। नजूल भूमि विधेयक के अनुसार, ऐसे पट्टाधारक जिन्होंने 27, जुलाई 2020 तक फ्री होल्ड कि लिए आवेदन कर दिया है और निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है, उनके पास विकल्प होगा कि वह लीज अवधि समाप्त होने के बाद अलगे 30 वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकरण करा सकें। बशर्ते, उनकी ओर से मूल लीज डीड का उल्लंघन न किया गया

# मां दंतेश्वरी मंदिर की खुली दानपेटी

- खजाने से निकले 24 लाख 45 हजार 735 नकद समेत सोने-चांदी के आभूषण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 6 अगस्त।** सोमवार को माईजी मंदिर की दानपेटी करीब 11 माह बाद खोली गई। दानपेटी से लाखों के नगदी के अलावा खजाने से सोने व चांदी के आभूषण भी प्राप्त हुए हैं। पूरे दिन की गिनती के बाद देर शाम मंदिर कमेटी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक दानपेटियों में से कुल 24,45,735 रूपए नकद प्राप्त हुए हैं वहीं भक्तों द्वारा दानपेटी में सोने व चांदी के छोटे साईज के आभूषण भी मिले हैं आभूषणों का वजन अभी नहीं किया गया है। दानपेटी से एक अमेरिकी डालर भी मिला है वहीं भक्तों के कई मनोकामना पत्र भी प्राप्त हुए हैं । जानकारी अनुसार सोमवार सुबह 11 बजे माता दंतेश्वरी मंदिर के भीतर स्थित 7 दानपेटियों समेत शनि मंदिर, शिव मंदिर व भैरव मंदिर की कुल 11 दानपेटियों को टेंपल कमेटी के समक्ष खोला गया। नगदी व जेवरातों की गणना शाम 7 बजे तक चलता रहा। गणना पश्चात दान पेटियों से नगद 24 लाख 45 हजार 735 रूपये नकद प्राप्त हुए। वहीं श्रद्धालुओं ने सोना व चांदी के आभूषण भी दानपेटी में चढ़ाया है। सोना व चांदी के आभूषण भी मिले हैं जिनकी गणना अभी नहीं हुई है। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दानपेटी में डाले गए कई दिलचस्प अर्जियां भी प्राप्त हुए हैं। किसी ने नौकरी मांगी है तो कोई अपनी बीमारी से मुक्ति दिलाने मांईजी से विनती किया है तो कोई मनचाहा पति मिलने, तो कोई प्यार में सफल होने की कामना माई से किया है। तहसीलदार श्री सिंह ने बताया कि कुल गणना के बाद नकद राशि व प्राप्त जेवरातों को परंपरानुसार सरकारी खजाने में जमा करवा दिया जाएगा। बता दें कि मंदिर की दानपेटी को हर 6 माह बाद खोलने की परंपरा रही है। वहीं इस बार दानपेटी को लंबे समय बाद खोला गया है। तहसीलदार दंतेवाड़ा ने बताया कि करीब 11 माह बाद दानपेटी खोली गई है चुनाव आचार संहिता की वजह से दानपेटी खोलने में विलंब हुआ है। दान पेटी गणना के दौरान व्यवस्थापक तहसीलदार विनीत कुमार सिंह, प्रधान पुजारी हरेंद्र नाथ, सहायक पुजारी लोकेंद्र नाथ, शैलेंद्र नाथ जिया, मांझी प्रेमलाल अर्जुन भास्कर बिरो सिंह, 12 लंकवार में सुरेंद्र समरथ, इतवारी नाईक, शिवचंद कतियार, रामलाल गायता, जगदीश बोडका, सेवादारों में मुकुन्द ठाकुर, धरम सिंह सेठिया,सुखराम नाग, राजनाथ साय, धनय ठाकुर, डीआर नाग, गुमरगुंडा के स्वामी विशुद्यानंद जी महाराज, एसडीएम संजय नाहटा, तहसीलदार विनीत कुमार सिंह, नायब तहसीलदार श्रीवास्तव जी, पटवारी राजेश मिश्रा, विजय पटनायक, समेत मंदिर कमेटी से जुड़े कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## एक नजर

### अनुपस्थित आरएईओ को काम में उपस्थित होने के निर्देश

**जगदलपुर,6 अगस्त।** दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा जिले के विकासखंड दन्तेवाड़ा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री डिग्रीलाल बरिहा 31 जनवरी 2022 से अनाधिकृत रूप से बिना किसी सूचना के स्वेच्छा से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इस संबंध में कार्यालय उपसंचालक कृषि दन्तेवाड़ा द्वारा संबंधित कर्मचारी को कार्य पर उपस्थित होने हेतु 07 पृथक-पृथक पत्र जारी किया गया है। संबंधित कर्मचारी को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति हेतु विभागीय जांच के दरम्यान अपना पक्ष रखने हेतु जांच अधिकारी द्वारा जांच में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इसके साथ ही 29 दिसम्बर 2022 को दैनिक समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित किया गया था, इसके उपरांत भी संबंधित कर्मचारी आज पर्यन्त उपस्थित नहीं हुए हैं। इस बारे में संयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी कर संबंधित को निर्देशित किया गया है कि इस समाचार प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने कार्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा एक एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

### दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर और ट्रायसाइकिल



**उत्तर बस्तर कांकेर, 6 अगस्त।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आज अंतागढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोलर निवासी श्रीमती गितीला पटेल को व्हील चेयर एवं ग्राम भैंसासाल्हेभाट के श्री परमानंद पटेल को ट्रायसायकल प्रदान किया गया। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा ने बताया कि उक्त दिव्यांगजन द्वारा सहायक उपकरण प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर एवं ट्रायसायकल प्रदान किया गया, साथ ही दिव्यांगजनों के लिए शासन की योजनाओं से अवगत भी कराया। सहायक उपकरण मिलने पर दिव्यांगजनां द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया गया।

### हथकरघा में 21 महिलाओं तथा 12 छात्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त।** दंतेवाड़ा जिले में शासन की महत्वकांक्षी योजना ''नियद नेल्लानार योजना'' के तहत बासनपुर कैंप के अंतर्गत आने वाले ग्राम गामावाड़ा की 21 महिलाओं को आजीविका के नये संसाधनों से जोड़ने के लिए हथकरघा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज में 12 छात्र भी एसोसिएट, डेस्कटॉप, असिस्टेंट, हैंड एंब्रॉयडरी, टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट ट्रेड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। ज्ञात हो कि ''नियद नेल्लानार योजना'' एवं प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को हुनरमंद बनाने के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण सत्र चलाये जा रहे हैं। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें बेरोजगार युवक-युवतियों किसी भी टेड्ढ में प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी बन सकते है।

### रिक्त पदों के लिए दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 21 अगस्त निर्धारित

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त 2024।** कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर 03 मई 2023 तथा सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर 09 मई 2023 के परिपालन में जिला स्थापना अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की भर्ती के लिए प्रेस विज्ञप्ति 08 जून 2023 द्वारा किया गया था। जिला स्तरीय भर्ती हेतु गठित छानबीन समिति द्वारा चतुर्थ श्रेणी हेतु भृत्य, चौकीदार, प्रोसेस सर्वर के रिक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची का अवलोकन उपरांत दावा आपत्ति आमंत्रित किये जाने हेतु पात्र, अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। आवेदक, अभ्यर्थी जिला दंतेवाड़ा के वेबसाईट एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल में उक्त सूची का अवलोकन कार्यालयीन समय में कर सकते हैं। यदि किसी आवेदक, अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो वह संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 117 (वित्त स्थापना शाखा) में अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित 21 अगस्त 2024 कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

### पर्यटन स्थल और बांधों के आसपास सावधानी बरतने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**धमतरी 6 अगस्त।** बरसात के मौसम में जिले के पर्यटन स्थल गंगरेल जलाशय सहित नरहरा जल प्रपात इत्यादि को देखने ना केवल जिलेवासी बल्कि दूर-दराज से भी पर्यटक पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गंगरेल और नरहरा में पानी के अधिक बहाव की दशा में सेल्फी लेने के लिए जाने वाले पर्यटकों को रोक लगाने और सावधानी बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था बनाने, नरहरा में मगरलोड की ओर से आने वालों के लिए, पार्किंग, नोटिस बोर्ड लगाने, रूद्रेश्वर घाट रूद्री में बारिकेटिंग, विद्युत, कंट्रोल रूम तैयार कर जगह चिन्हांकित करने कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों से फाईन भी लें।

इस अवसर पर कलेक्टर ने चिटफंड कंपनी वालों पर कार्यवाही करने, आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने, रेत का अवैध भण्डारण रोकने राजस्व, पुलिस, खनिज इत्यादि विभाग को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में दिए।

# भगवान गणेश की मूर्ति गढ़ने के काम में लगे मूर्तिकार

- नगर में कई स्थानों पर चल रहा है गणेश की प्रतिमा बनाने का काम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 6 अगस्त।** गणेश चतुर्थी के आने में अभी महिने भर का वक्त है लेकिन इसकी तैयारी अभी से शुरू हो गई है। भगवान गणेश की मूर्ति बनाने का कार्य जिला मुख्यालय में कई स्थानों पर चल रहा है। मूर्तिकार प्रथम पूज्य भगवान गणेश की छोटी बड़ी साईज की मूर्तियां गढ़ने में लगे हुए हैं। गणेश चतुर्थी का त्यौहार भगवान गणेश के जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश जी का जन्म हुआ था। यह त्यौहार गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होकर अनंत चतुदर्शी को समाप्त होता है। भगवान गणेश हिन्दुओं के ईष्ट देवता है और यह प्रथम पूज्य हैं। किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले गणेश जी की ही पूजा होती है। चतुर्थी पर जगह जगह गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूरे 11 दिनों तक धुम धड़ाके के साथ गणेश जन्मोत्सव मनाया जाता है। गणेशोत्सव आने में तो अभी समय है लेकिन गणेशजी की मूर्ति गढ़ने का काम कई जगहों पर चल रहा है इन्हीं में से एक जगह है आंवराभाटा। सुरभि कालोनी स्थित दक्षिण मुखी हनुमानजी की मंदिर के पास एक निर्माणाधीन भवन के हॉल में सैकड़ों की संख्या में गणेश जी की प्रतिमाएं बनाने का काम जोर शोर से चल रहा है। मलकानगिरी से आकर गणेश जी की मूर्ति बनाने वाले कलाकार जयंत मंडल ने बताया कि वे हर साल मांईजी की नगरी में गणेश की प्रतिमा बनाने आते हैं। इस बार भी वे 3 फीट से लेकर साढ़े 5 फीट तक की प्रतिमाएं बना रहे हैं। मूर्तिकार श्री मंडल ने बताया कि मूर्ति बनाने के काम में बहुत मेहनत होता है पूरी लगन व तन्मयता के साथ दिन रात मिटटी से प्रतिमा तैयार की जाती है। घंटों घंटो रोज काम करते हैं तब कहीं जाकर मूर्तियां तैयार हो पाती है। उन्होने कहा कि यह उनका पुश्तैनी व्यवसाय है। गणेश के बाद वे आर्डर पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी बनाने के काम में भी जुटेंगे। उन्होने बताया कि अभी 50 फीसदी काम ही हुआ है मूर्ति बनाने के बाद उसे सुखने के लिए छोड़ा जाएगा फिर चतुर्थी के 10 दिन पहले मूर्तियों में रंग पेंट कर उसे अंतिम रूप देकर बाजार में ले जाकर बिक्री की जाएगी।

# कार्यशाला में स्तनपान से शिशु व माता को होने वाले फायदे के बारे में बताया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,6 अगस्त।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में ''अंतर को कम करना-सभी के लिए स्तनपान समर्थन'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त नाग द्वारा स्तनपान के लाभ एवं इससे शिशु एवं मां को होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में हर साल 01 अगस्त से 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस अभियान के दौरान स्तनपान के महत्व को समुदाय तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाता है। गौरतलब है कि शिशु के लिए स्तनपान न केवल सर्वात्तम आहार है बल्कि यह शिशु के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक होता है। साथ ही शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। स्तनपान कराने में माताओं का सहयोग एवं स्तनपान को बढ़ावा दिया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। जन्म से छः माह तक केवल स्तनपान, दो साल तक लगातार स्तनपान और उसके बाद भी स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली पोषक तत्व एवं ऊर्जा प्राप्त होता है, जिससे कि संक्रमण एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ब्लॉक स्तरीय बैठकों समस्त सरकारी एवं निजी अस्पतालों, स्वयं सहायता समूहों, तथा एनजीओ के साथ भागीदारी करते हुए स्तनपान पर चर्चा-परिचर्चा एवं कार्यशाला आयोजित करने का क्रम चलाया जा रहा है। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. भगत बघेल, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, कॉलेज के प्रोफेसर, चिकित्सक, स्टॉफ नर्स के साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र की शिशुवती महिलाएं उपस्थित रहे।



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उच्च कुशल दैनिक वेतनभोगी कार्मिकों के लिए 13 अगस्त को वॉक-इन-इंटरव्यू

**जगदलपुर, 6 अगस्त।** शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर में डायलिसिस टेक्नीशियन एवं सीटी स्कैन टेक्नीशियन पदों पर दैनिक वेतनभोगी उच्च कुशल श्रेणी के कार्मिकों की वर्तमान प्रचलित दर में निश्चित मासिक मानदेय पर कार्य करने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 13 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अधिष्ठाता स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर के सेमीनार कक्ष में किया गया है। डायलिसिस टेक्नीशियन के पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता मान्यता संस्था से डायलिसिस टेक्नोलॉजी में बीएससी या डायलिसिस टेक्नोलॉजी में डिप्लोमाधारी होने सहित राज्य पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए। सीटी स्कैन टेक्नीशियन पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता मान्यता प्राप्त संस्था से सीटी स्कैन टेक्नीशियन में डिप्लोमाधारी होने सहित राज्य पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उक्त योग्यताधारी इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय अधिष्ठाता स्वर्गीय बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगदलपुर में संपूर्ण दस्तावेजों के साथ स्वयं निर्धारित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात आवेदन मान्य नहीं की जाएगी। उक्त वॉक-इन-इंटरव्यू सम्बन्धी विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

# शिवनाथ नदी के तट रिएवेरा रिसोर्ट में सावन उत्सव 11 को

**रायपुर 6 अगस्त।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस वर्ष का कार्यक्रम लोधेशवरधाम के संयोजक श्री उत्तम वर्मा के रिएवेरा रिसोर्ट शिवनाथ नदी के तट,बेलोदी में होगा। रविवार 11अगस्त 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम में 11 महिलाएं एवम पुरूष बुजुर्गो का सम्मान किया जायेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सावन उत्सव में गीत, संगीत, सावन क्वीन, क्वीज के अलावा म्यूजिकल कुर्सी दौड, रस्सा खींची आदि कार्यक्रम भी संपन्न होगा। बच्चों के लिए भी खेल प्रतियोगिता के साथ साथ उन्हें ज्ञानवर्धक जानकारिया भी दी जायेगी। महिलाओं को उद्यमशील बनाने के लिए भारत कृषि कर्मण पुरूस्कार से सम्मानित श्रीमती अदिती कश्यप, कवर्धा द्वारा आधुनिक फार्मिंग कैसे की जाती है,आदि विभिन्न प्रकार विषयों पर जानकारी दी जायेगी। लोधी क्षत्रिय समाज, चंगोराभाठा ईकाई रायपुर छत्तीसगढ द्वारा संचालित लोधेशवरधाम के निर्माण कार्य के साथ साथ उत्थान व विकास पर भी चर्चा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि एक पेड मां के नाम इस अभियान के तहत यू. व्ही. इन्फ्रा., रिएवेरा रिसोर्ट के संचालक, A-z Class Contractor, वरिष्ठ समाजसेवी एवं लोधेशवरधाम के संयोजक लोधी उत्तम वर्मा एवम मूलचंद वर्मा द्वारा आस्ट्रेलिया से प्राप्त वनौषधि पौधा को लोधेशवरधाम को भेंट किये जायेंगे। जिसे लोधेशवरधाम में रोपा जायेगा। साथ ही सभी स्वजातीय बंधूओं को अभियान के तहत एक - एक पेड भी वितरित किए जायेंगे। सभी लोगो आग्रह भी है कि जिनके भी घरों , गार्डन में छायादार, फलदार एवम वनौषधि आदि पौधे हो तो एक पेड अवश्य लेकर आये। समाज के लोग जब एक जगह एकत्रित होकर उत्सव मनाते है तो एक दूसरे को समझने का मौका भी मिलता है। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सामाजिक व पारिवारिक होगा। युवाओ के लिए तरह-तरह के पारंपरिक खेल आदि के साथ-साथ तैराकी बनने के लिए स्वीमिंग पुल भी है। इस अवसर पर आगन्तुकों के लिए तरह-तरह के देशी शुध्द शाकाहारी, गरमागरम भोजन का भी उत्तम व्यवस्था है। गौरतलब है कि लोधी क्षत्रिय समाज, लोधेशवरधाम रायपुर छत्तीसगढ के सावन उत्सव में आप स्वजातीयजनों का स्वागत है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपना व परिवार की संख्या की सूची पदाधिकारीगण एवम सदस्यगण को देवे, जिससे कार्यक्रम को सुचारूपूण.संपन्नहो सके । उपरोक्त जानकारी लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई रायपुर छत्तीसगढ के सचिव लोधी प्रहलाद दमाहे ने दी है।

■ ग्रामीणों को शौचालय का उपयोग करने और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

# मनोज ने ग्राम चितालूर में स्वच्छता की अलख जगाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,6 अगस्त।** स्वच्छता, राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।' राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह कथन सदैव हमारे समाज में स्वच्छता के महत्व को दर्शाता है स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को स्वच्छता की आदत बनानी चाहिए। इस कड़ी में ब्लॉक दंतेवाड़ा के चितालूर ग्राम 21 वर्ष के ''युवोदय स्वयंसेवक मनोज''मरकाम, ने इन पंक्तियों को सार्थक करते हुए ग्रामीणों में स्वच्छता की अलख जगाया है। किसान परिवार से संबंधित मे स्वयं मनोज ने बताया कि उनके पिता एक कृषक है, जबकि माता स्वच्छता कर्मचारी के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने शुरुआत से ही अपनी मां को स्वच्छता कर्मचारी के रूप में कार्य करते देखा है। और समुदाय में साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति प्रेरणा उन्हें अपने मां से ही मिली। अपने ग्राम में साफ-सफाई एवं स्वच्छता के बारे में जागरूक करने की इसी तीव्र इच्छा ने उन्हें युवोदय संगठन से जोड़ा। युवोदय संगठन मे कार्य करने के बाद ही उन्होंने जाना कि कैसे हम स्वयंसेवा के माध्यम से समुदाय में एक सकारात्मक बदलाव ला सकते है? तो उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में यह बदलाव लाने का प्रयास करते हुये स्थानीय ग्रामीणों को शौचालय का उपयोग करने, कचरे का पृथक्करण एवं निस्तारण करने, जल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई रखने, सोख्ता गड्ढा का निर्माण करने, एवं समय समय पर हाथ धुलाई के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।जैसा कि मनोज ने आगे बताया कि उनके गांव के कई परिवार आज भी शौचालय का उपयोग न करते हुए, खुले में शौच करते हैं। तो उन्होंने इस समस्या को देखते हुए अपने ग्राम पंचायत में सर्वेक्षण किया एवं जानकारी एकत्र की। मनोज ने सर्वेक्षण में उन कारणों को भी जानने की कोशिश किया कि किस वजह से परिवार शौचालय का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर ग्रामीणों ने कई कारण जैसे घर पर शौचालय न होने, शौचालय का निर्माणधीन होने अथवा मरम्मत की आवश्यकता जैसे कारणों से मनोज को अवगत कराया। इस पर मनोज ने ग्रामीणों शौचालय का उपयोग करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करते हुए ग्रामीणों यह समझाने का प्रयास किया कि भविष्य में उन्हें शौचालय की न होने की दशा में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, और आसपास की अस्वच्छता से हैजा, डायरिया, मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका हमेशा बनी रहेगीं। जिससे पूरा परिवार चपेट में आ सकता है।

ग्रामीणों को समझाने के इस कठिन प्रयास के बाद मनोज ने जिन ग्रामीणों के यहां शौचालय थे उन्हें नवीनीकरण कराने का आग्रह किया इस पर ग्रामीणों ने शौचालय के महत्व को गंभीरता से लिया और अपने-अपने शौचालय को दुरुस्त करते हुए उसका उपयोग करना शुरू कर दिया। इसी के साथ उन्होंने गांव के सरपंच एवं सचिव के माध्यम से ग्राम के सामुदायिक शौचालय में भी पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करवाया जो कि पूर्व में उचित व्यवस्था व सुविधा के अभाव में उपयोगी नही था। अपनी स्वच्छता के प्रति जज्बे को पुख्ता करते हुए मनोज मरकाम ने घर-घर जाकर कचरा का उचित प्रबंधन एवं निस्तारण के लिए भी जानकारी देते हुए कचरे के पृथक्करण हेतु प्रेरित किया। ताकि कचरे का उचित निस्तारण पृथक्करण शेडों में किया जा सके। इसके अलावा मनोज समय समय पर गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों को हाथ धुलाई की प्रक्रियाओं के बारे में बताते हुए जागरूक करने का कार्य कर रहे है, ताकि बच्चों से गंभीर बीमारियों के खतरे से उनका बचाव किया जा सके। इसी के साथ मनोज के द्वारा सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए, गांव के सरपंच एवं सचिव को सामुदायिक जल स्त्रोत में सोख्ता गड्ढा की आवश्यकता से अवगत करवाते हुए गांव के 10 सामुदायिक जल स्त्रोतों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण करवाया।

## समाचार संक्षेप

जिला शिक्षा

### अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक ने लिया मेगा पालक-शिक्षक बैठक की तैयारी का जायजा



**जगदलपुर 6 अगस्त।** विकास खण्ड बस्तर में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने मेगा पालक बालक बैठक के तैयारी के संबंध में दौरा किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग व बीआरसी राजेन्द्र सिंह ठाकुकर से बैइक संबंधि जानकारी ली। भ्रमण के दौरान शाउमावि बड़े आमबाल में पीटीएम की तैयारी व शाउमवि घोटिया, नारायण पाल आदि संस्थाओं को देखा व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संकुल अंतर्गत होने वाले मेगा पीटीएम को अच्छे से करने व पालकों को नयी शिक्षा निति के बारे में बतलाते हुए समुदाय को सक्रिय करने को कहा।

### एएम-एनएस इंडिया ने किया चित्रकोंडा उच्च प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल पाठशाला क्लास रूम का उद्घाटन



**किरन्दुल 6 अगस्त।** एएम-एनएस इंडिया द्वारा चित्रकोंडा- उच्च प्राथमिक विद्यालय में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सक्षम डिजिटल पाठशाला क्लासरूम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर - श्री नटबर गराडा (तहसीलदार, चित्रकोंडा ), सुश्री गायत्री देवी (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चित्रकोंडा),श्री प्रवीण पी.( प्लांट प्रभारी-एएम/एनएस इंडिया चित्रकोंडा), सुश्री राजेश्वरी खिल्लो (अध्यक्ष- जिला परिषद् चित्रकोंडा), सुश्री अंबिका(प्रिंसिपल-उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रकोंडा) द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर इस अत्याधुनिक क्लास रूम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की सीएसआर टीम, विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और छात्र - छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने एएम/एनएस इंडिया की इस नई पहल की सराहना की और इसके माध्यम से छात्रों को होने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला। श्री नटबर गराडा (तहसीलदार- चित्रकोंडा) ने अपने भाषण में कहा - यह पहल छात्रों को उन्नत डिजिटल उपकरणों तक पहुंच प्रदान करके एवं सीखने को बढ़ावा देने के साथ ही आवश्यक कौशल का विकास करेगा। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना है। यह डिजिटल क्लास रूम ना केवल छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने में मदद करेगा, बल्कि उन्हें नई तकनीकों एवं आधुनिक शिक्षा पद्धति से भी अवगत करने में सहायक सिद्ध होगा।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रभारी बने आदिल खान



**मोहला 6 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के समारोह पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को मोहला मानपुर चौकी जिले में आयोजित करने भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने आदिल खान को जिले का प्रभार सौंपा है ,भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व,प्रदेश नेतृत्व भाजपा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने और जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी के द्वारा जिले में मानपुर से आदिल खान को हरघर तिरंगा कार्यक्रम प्रभारी और अम्बागढ़ चौकी से जगजीत सिंह अरोरा को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है । स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान चलाकर जिले में तेरह तारीख से चौदह तारीख तक हर घर तिरंगा लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जाएगा । जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमे प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में प्रभारी नियुक्त कर जिले में आदिल खान और सहप्रभारी जगजीत सिंह अरोरा को जिले की कमान सौंपी गई है।

### ऑडिटोरियम जावंगा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर दीक्षारंभ आयोजित

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त।** आज गीदम स्थित ऑडिटोरियम जावंगा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संबंध में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधान, पूर्व शिक्षा नीति और नयी शिक्षा नीति में अंतर और इसके लाभ के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी नव प्रवेशित विद्यार्थियों को दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता के बारे में बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भाव लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विषय संबंधित ज्ञान के साथ कौशल विकास, मूल्यपरक तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर उन्मुख किया गया है। इस नीति में सतत मूल्यांकन का प्रावधान है।

# सूमो,पिकअप वाहन में तस्करी करते 59 नग सागौन चिरान वन विभाग ने पकड़ा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 6 अगस्त।** भोपालपटनम तारलागुडा फारेस्ट चेक पोस्ट में बेशकीमती सागौन कि लकड़ियों को तस्करी करते दो वाहनों को फारेस्ट विभाग नें पकड़कर कार्रवाई की हैं।

सूचना के बाद रेंजर विनोद तीवारी के मार्गदर्शन मे देपला डिप्टी रेंजर लम्बाड़ी अप्पाराव के साथ कि टीम गठित कि गई थी रात के तकरीबन 1 बजे दोनों तारलागुडा चेक पोस्ट मे टाटा सूमो टीएस 05 ईटी 9546 और टाटा पीकप पी 02 टीबी 3020 सागौन कि लकड़ियों को गाड़ी मे भरकर ले जा रहे थे घात लगाए बैठे फारेस्ट के कर्मचारियों को देखकर तस्कर गाड़ी छोड़ भाग खड़े हुए टाटा सूमो से 23 नग चिरान 1.318 घनमीटर टाटा पिकअप से 36 नग चिरान 1.754 घनमीटर लकड़ी पकड़ा गया दोनों गाड़ियों से वाहन चालक भाग खड़े हुए। देखा जाए तो बेशकीमती लकड़ियों कि तस्करी जारी हैं कभी कभार तस्कर विभाग के हाथ चढ़ रहे हैं तस्कर कबाड़ जैसी गाड़ियों मे लकड़ी तस्करी को अंजाम दे रहे हैं अगर पकड़कर कार्यवाही भी हुई तो ज्यादा नुकशान ना झेलना पड़ेगा बताया जाता हैं कि तस्करी करती गाड़ियों के नंबर भी बदलकर लकड़िया पार कि जा रही हैं पकड मे आए तो नंबर ट्रेस करने पर भी गाड़ियों के मालिक का पता नहीं चलता।

विनोद तिवारी सामन्य रेंजर नें बताया रविवार कि रात 1 बजे तस्करी करते वाहनों को तारलागुडा नाके से पकड़कर कार्यवाही कि गई हैं लकड़ियों कि लागत अभी नहीं निकला गया हैं तक़रीबन 2.5 से 3 लाख रूपये तक आँकी जा सकती हैं।

एक नजर

## नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में लगाए जा रहे है जनसमस्या निवारण शिविर



**बीजापुर,6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे है वार्ड वासी नगर पालिका परिषद् बीजापुर अंतर्गत जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत गुरुवार को गंगालूर रोड भट्टीपारा में शिविर का आयोजन किया गया , जिसमे वार्ड क्रमांक 13 ,14 एवं 15 के नागरिक अपनी मांग एवं समस्या लेकर शिविर स्थल में पहुचे , उपरोक्त जन समस्या समाधान शिविर के तहत नागरिको के द्वारा नविन नल कनेक्शन , पेंशन , जन्म मृत्तु प्रमाण पत्र, गली सडक , नाली निर्माण , साफ सफाई से सम्बंधित कार्यो , हेतु मांग किया जा रहा है ,साथ ही साथ संपत्ति एवं समेकित कर का भी भुगतान किया जा रहा है , जन समस्या समाधान शिविर में स्थानीय नागरिको की समस्या एवं मांगो का त्वरित निराकरण करने का प्रयास भी किया जा रहा है , इसके अतिरिक्त नागरिको का स्वास्थ जांच भी शिविर स्थल में स्वास्थ विभाग के सहयोग से किया जा रहा है ,जन समस्या समाधान शिविर के प्रारंभ से अब तक कुल 995 आवेदन विभिन्न मांग एवं समस्या हेतु प्राप्त हुए है , जिनके निराकरण की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है , उपरोक्त शिविर में नगर पालिका प्रेसिडेंट श्री बेनहूर रावतिया , पार्षद श्री नन्द किशोर राणा , श्री घासी राम नाग , श्री संजय रिवानी , नगरीय प्रशासन विभाग जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता श्री एन एन उपाध्याय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## पूर्व राज्यमंत्री पूनम का जन्मदिन मनाने जुटे भाजपाई



**महासमुंद।** 3 अगस्त को पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर का जन्मदिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा व महिला मोर्चा द्वारा आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर के राजनीतिक सफर का उल्लेख कर कार्यकर्ताओं को युवा अवस्था में ही पार्षद से लेकर राज्यमंत्री तक का सफर को बताया। साथ ही जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री महासमुंद जिलाध्यक्ष रहते हुए सन् 2003 में महासमुंद की चारो सीट विजयश्री प्राप्त की थी। अगले कर्म में संदीप दीवान ने बताया कि पूर्व मंत्री लगातार पार्टी संगठन में अनेक दायित्वों में संभालते हुए लगातार संगठन के लिए काम करते आ रहे है। मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की। इनके मार्गदर्शन अभी 8 महीने पूर्व विधानसभा व 2 महीने पूर्व लोकसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा व लोकसभा में विजय श्री हासिल की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू, माधव टांकसाले,जिला मंत्री निरंजना शर्मा, विधानसभा समन्वय समिति सह संयोजक संदीप दीवान, प्रलय थिटे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, बसंत लूनिया, कौशल्या बंसल, विष्णु चंद्राकर, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, प्रेम चंद्राकर, नरेंद्र गिरी, सुधा साहू, अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, अमित साहू, पंकज चंद्राकर, गोपाल वर्मा, लक्ष्मी साहू, प्रभा साहू, जतिन रुपरेला, खुशाल ठाकुर समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतक मौजूद रहे।



## नीना रावतिया उद्दे ने विकलांग दम्पत्ति से मिलकर जाना हाल-चाल

**बीजापुर,6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कॉग्रेस कमेटी की महामंत्री नीना रावतिया उद्दे सोमवार को तोयनार क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर थी, दौरे के दौरान वे ग्राम पंचायत तोयनार के एक विकलांग दाम्पत्ति से मुलाक़ात की और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया लेकिन वह दंपत्ति शासन की योजनाओं का लाभ लेने से मना कर रहे थे लेकिन ज़िला पंचायत सदस्य ने विकलांग दंपत्ति को बहुत देर तक शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में समझाइस दी तब कही वे शासन की योजनाओं से जुड़ने को राज़ी हो गए। उसके बाद ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने ज़िले के पंचायत अधिकारियों से फ़ोन पर चर्चा कर विकलांग दंपत्ति की बात रखी और विकलांग दंपत्ति के निवास के लिए आवास, रोजगार के लिए गाय सेड और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पेंशन, एक ट्राय सायकिल और महतारी वंदन योजना का लाभ तत्काल देने सहित बच्चों को छात्रावास मे प्रवेश दिलाने की मांग अधिकारियो से की है। विदित हो कि तोयनार पंचायत में निवास करने वाली विकलांग दंपति सुक्कू ताती जन्म से विकलांग है और उनकी पत्नी सरिता ताती बचपन से ही बोल और सुन नहीं सकती है वे अपने दो बच्चों के साथ एक छोटी सी झोपड़ीनुमा घर में रहते है।जिनके आय का कोई भी साधन नहीं है। मुलाक़ात के दौरान सरपंच विजय पाल शाह मंडावी, उपसरपंच जगदीश पोरतेक, अरुण मरकेला सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जो भी कार्य करें पूरे आत्मविश्वास, मेहनत और लगन से करें, सफलता निश्चित मिलेगी:कलेक्टर




**बीजापुर 6 अगस्त ।** 10 दिवसीय सोशल मीडिया इफ्लुएंसर प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में हुआ इस अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने वर्तमान समय में सोशल मीडिया के महत्व उपयोगिता के बारे में प्रशिक्षु युवक-युवतियों को विस्तृत जानकारी दी। त्वरित प्रचार-प्रसार के माध्यम के रूप में सोशल मीडिया महत्व वर्तमान समय में बहुत अधिक है। इसलिए स्वयं को अपडेट रखने में सोशल मीडिया सहायक है। देश दुनिया में क्या हो रहा है। बैठे-बैठे अपने मोबाईल फोन में पता कर सकते हैं। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि जानकारी के आदान प्रदान, देश-दुनिया से जुड़ने व्यवसायों को अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने, सोशल मीडिया शिक्षा के लिए एक मंच प्रदान करता है, मनोरंजन का स्त्रोत, सोशल मीडिया लोगो को ताजा समाचार और अद्यतम प्रदान करता है। इसके साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत ब्रांड को बढ़ावा देने में मदद करता है।आज सभी के पास मोबाईल फोन है उसका सही इस्तेमाल, शिक्षा, व्यापार, जनहित, समाज, देश और राष्ट्र के लिए करना जरूरी है तभी युवा पीढ़ी इन संचार के माध्यमों से स्वयं का समाज परिवार और देश का नाम रौशन कर सकेगा।10 दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जाएगाइसके पूर्व दो चरणों में कौशल विभाग अन्तर्गत उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदाय किया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त युवा-युवतियों ने इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय का शाल, श्रीफल एवं मोमेंट से आत्मीयता पूर्वक सम्मान किया।

वहीं युवावर्ग अपने स्वयं के व्यवसाय के लिए आशान्वित है जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल से युवाओं में आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। इन युवाओं में कुछ युवा ने प्रशिक्षण के पश्चात स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने की जानकारी दी।इस दौरान डायरेक्टर आरसेटी श्री पी गुप्तेश्वर राव, श्री संदीप जोशी, श्री गौरव पाण्डेय सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर विनय कुमार पत्रकारों से हुए रूबरू

**महासमुंद 6 अगस्त ।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह आज मीडिया प्रतिनिधियों से रुबरु हुए। उन्होंने महासमुंद जिले में विकास की प्राथमिकताओं और मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता में रहेगी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और अन्य समस्याओं का समाधान मीडिया कर्मियों और जनता के सहयोग से किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं को गंभीरता से लेकर निराकरण के सार्थक प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन समय पर आम जनता किसी भी समय पर उनसे मिल सकते हैं।लंगेह ने कहा कि महासमुंद जिले में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं है।

## शासकीय शहीद वेंकट स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ आयोजित



**बीजापुर,6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय शहीद वेंकट राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इंडक्शन कार्यक्रम एवं महाविद्यालय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश लेने पर शुभकामनाएं दी।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भारत केन्द्रित शिक्षा नीति बताते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों के नैतिक गुणों के विकास एवं समग्र तथा सर्वांगीण विकास पर आधारित है।भारत वर्ष में शिक्षा का महत्व प्राचीन काल से है वैदिक काल में गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था थी हमेशा शिक्षा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था और आज भी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विभिन्न बदलाव लाए गए हैं। जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके और नैतिक मूल्यों का विकास हो सके। शिक्षा केवल डिग्री और नौकरी हासिल करने का जरिया न बने बल्कि बेहतर इंसान बने जो मानवीय मूल्यों को समझे, देश, समाज परिवार और मानवता के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, प्राचार्य शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय डॉ. जे नारायण, सहित अतिथिगण एवं प्राध्यापकगण तथा महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ज्ञान के साथ संस्कार की शिक्षा देना भी जरूरी: हेमेंद्र आचार्य



**महासमुंद।** ज्ञान के साथ संस्कार की शिक्षा देना भी आज जरूरी है। ज्ञान प्राप्त करना जितना जरूरी है उतना ही मनुष्य में संस्कार का होना जरूरी है। इसलिए विद्यालय में बच्चों को दोनों की शिक्षा साथ-साथ देना चाहिए। उक्त उद्गार विवेकानंद शिक्षण समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ राव साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला तथा पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य ने कहीं।

आचार्य ने कहा कि विद्यालयों का लंबे समय से संचालन करना लगन, परिश्रम को दर्शाता है। विद्यालय के शिक्षिकाओं तथा बच्चो के अनुशासन को देख कर लगता है कि पढ़ाई भी उतने ही लगन से की जाती होगी, विद्यालय का नाम छात्रों की संख्या पर नहीं बल्कि संस्था के परीक्षा परिणाम के आधार पर होता है। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने कहा कि 39 वर्षों से लगातार विद्यालय में संचालन में बहुत उपलब्धि की जानकारी दी। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकम में यहां के छात्र संभागीय तथा राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेकर विद्यालय की पहचान बनाई है। कार्यक्रम को दीपक साकरकर तथा ऐम विद्यालय के संचालक राकेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यकम मुकेश साहू, नेहरू साहू, बसंत ध्रुव, सेवक ध्रुव, गिरजा कंडरा, प्रेमबती कंडरा, जानकी ध्रुव सहित पालकगण उपस्थित थे। कार्यकम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद, स्व. नीलकंठ राव साकरकर, प?द्मावती टांकसाले के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित मुख्य अतिथिगणों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों को मुख्य अतिथि तथा पालकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथिगण का स्वागत शिक्षिका अंजलि सिन्हा, कंचन यादव, मनीषा ध्रुव ने किया। कार्यक्रम संचालन झरना यादव द्वारा तथा प्राची चंद्राकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## स्तनपान से शिशु को मिलती है ऊर्जा



बीजापुर,6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग के नेतृत्व मे पूरे जिले में 1 अगस्त 7 अगस्त 2024 तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान जिले के सभी 46 सेक्टरों के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्रामों में माताओं, किशोरियों को स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है बच्चें एवं माताओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान प्रभावी ढ़ग से समुदाय स्तर पर चलाया जा रहा है।स्तनपान सर्वोत्तम आहार मानसिक विकास होता है विभाग द्वारा जानकारी दिया जा रहा है कि स्तनपान न केवल सर्वोत्तम आहार है बल्कि शिशु के मानसिक विकास, शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने और स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है, स्तनपान कराने में माताओं का सहयोग एवं स्तनपान को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्तनपान जारी रखने से शिशु को उच्च गुणवत्ता वाली ऊर्जा एवं पोषक तत्व प्राप्त होता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान का थीम है, अंतर को कम करना प्रसव के 1 घंटे के भीतर स्तनपान की दर घटकर 47.1 प्रतिशत से 32.4 प्रतिशत हो गई है।मां के दूध से कुपोषण का शिकार नही हो पाता शिशु- मां के दूध में शिशु की आवश्यकता अनुसार पानी होता है 6 माह तक ऊपर से पानी देने की कोई आवश्यकता नहीं होती। धात्री माताओं को प्रसव के बाद सफल, स्तनपान के बारे में बताया जाये। किसी कारण वश मां से बच्चें को दूर रखना पढे तो भी स्तनपान की निरंतरता बनाये रखने के बारे में बताया जाये स्तनपान बच्चों को बुद्धिमान बनाता है मां के पास जितना समय नवजात रहेगा नवजात में उतनी भावनात्मक वृद्धि होती है सुरक्षा का आभास रहता है। मां के दूध से कुपोषण का शिकार नहीं हो पता है। जिले में प्रचार-प्रसार के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है बीजादूतीर स्वयं सेवकों को इस संबंध में 1 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और अपने आस-पास सभी समुदाय के बीच में स्तनपान के महत्व को बताने के संबंध में भी जानकारी दिया गया।

# गंभीर अपराधों की जांच थाना प्रभारी स्वयं करें:एसपी



**रायगढ़ , 6 अगस्त।** 05/08/2024 को पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारी और शाखा प्रमुखों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गई । बैठक में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा गत माह फरार आरोपियों की दिगर प्रांत से गिरफ्तारी, गुम नाबालिगों की दस्तयाबी, डॉयल 112 तथा थाने के स्टाफ द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी लिया गया । पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को पुलिस के बेसिक कार्यो के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग के कार्य करने प्रेरित किया गया जिससे पुलिस की छवि अच्छी बने । क्राईम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया जिसमें ट्रक ड्राइवर से 25 टन सरिया लूट मामले में विशेष उपलब्धी पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर व उनके हमराह स्टाफ तथा अन्य थानों से विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले आरक्षक/प्रधान आरक्षकों की पुलिस अधीक्षक ने प्रशिस्त पत्र देकर पीठ थपथपाई और निरंतर बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया । इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थानावर पेंडिंग अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, पास्को एक्ट, यौन उत्पीड़न के मामलों को प्रमुखता से लेकर गंभीर मामलों की जांच थाना प्रभारी को स्वयं करने निर्देशित किया गया । उन्होंने थाना प्रभारियों को थानों के सभी विवेचकों को समान रूप से डायरी जांच/विवेचना के लिए देने निर्देशित किये तथा एफएसएल रिपोर्ट की मांग पर तैयार प्रतिवेदन त्रुटि रहित एक सप्ताह के भीतर प्रेषित करने व लंबित शिकायतों की जांच सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन के साथ संबंधित कार्योलयों को प्रेषित करना कहा गया । क्राईम मीटिंग में थाना खरसिया, कोतवाली, जूटमिल, चक्रधरनगर, पुसौर के अपराध निकाल को बेहतर बताया तथा शेष थानों को भी प्रमुखता से लंबित मामलों के निकाल के निर्देश दिये । पुलिस अधीक्षक ने हिट एंड रन, एससी/एसटी प्रकरणों में पीड़ित क्षतिपूर्ति हेतु समय पर प्रेतिवेदन भेजने के निर्देशित किया तथा राजपत्रित अधिकारियों को लगातार थाना कार्यों की मॉनिटरिंग करने और विवेचकों को दिशा निर्देशन के लिए निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक ने मवेशी तस्करी, अवैध शराब, जुआ-सट्टा और कबाड़ पर पूर्णतः अंकुश लगाने कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिये तथा नियमित रूप से चलित थाना, जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपराध समीक्षा बैठक के दूसरे सत्र में इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस कलेक्ट करने और न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में प्रशिक्षण सत्र चला जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री आकाश शुक्ला द्वारा थाना प्रभारी को मौके पर जाकर वीडियोग्राफी, एविडेंस कलेक्ट करने, हैश वैल्यु निकालने की बारीकियों और न्यायालय प्रस्तुत करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अनामिका जैन, एसडीओपी प्रभात पटेल, सिद्धांत तिवारी, डीएसपी अखिलेश कौशिक, उत्तम प्रताप तथा थाना, चौकी प्रभारीगण, एसपी वरिष्ठ स्टेनो, प्रभारी डीएसबी, एसपी रीडर तथा सभी शाखा प्रमुख उपस्थित रहे ।

## वृंदावन विद्यालय में मनाया गया हरेली पर्व



**महासमुंद,6 अगस्त।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में 4 अगस्त रविवार को हरेली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ छग महतारी के छायाचित्र, सरस्वती माता व कृषि औजारों की पूजन वंदन संस्था प्रमुख चयेरमेन सर एमआर विश्वनाथन, डायरेक्टर सुजाता विश्वनाथन द्वारा हुआ। तत्पश्चात कक्षा नवमी की छात्रा सुनिधि यादव द्वारा हरेली गीत प्रस्तुत किया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रमुख सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभ्यता व संस्कृति इस प्रान्त की पहचान है। इस देश की माटी में हरे-भरे लहराती लहलाती फसल से सुख शांति का वातावरण सभी तरफ फैला रहे। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम लगाकर धरती को सुनहरी बनाने प्रेरित किया। एमआर विश्वनाथन ने कहा कि सावन महीने का सबसे प्रथम त्यौहार हरेली है। ये बच्चों के उत्साह व हर्ष का पर्व है। गेडी, भौरा, बाटी, फुगड़ी जैसे विविध खेलो का आनंद लेते है। इंदू मिश्रा ने बताया कि हरेली त्यौहार के दिन कृषि औजारों के साथ पूजा अर्चना की जाती है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता व नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रीन डे को लेकर बच्चों ने विशेष पोशाक धारण कर हरियाली का महत्व प्रकट किया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिता फुगडी, गेडी, भौरा आदि का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालो में देवंशी, वंशिता, खिलेश्वरी, अरविन्द, लुकेश, आनवी, रिद्धिम, काव्य, नूपुर, दीपांशु, अमन, अनु, आनंदी, तन्मीत, हरप्रीत, तनु, भूमि, योगिता, सुनिधि, पुरवा, अजय, लोकेश्वरी, इंदू, समीर, स्वेच्छा, तानिया, पवन आदि शामिल रहे। आभार व्यक्त सागर गंदेचा ने किया। कार्यक्रम में रेखा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौड़, एम रजनी, संध्या सोना, जागृति साहू, दामिनि वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, यशवंत धृतलहरे, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदनी साहु, सुमन साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, मोनिका साहू एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

## जवान ने आदिवासी महिला को दिया रक्त




**बीजापुर,6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 05/08/2024 को 85 वी0 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नयापारा बीजापुर के कमांडेंट श्री सुनील कुमार राही को जिला अस्पताल बीजापुर द्वारा जरूरतमंद पीड़ित ग्रामीण महिला, चन्नी पदमी निवासी ग्राम-ताईनार, जिला-बीजापुर को रक्त की आवष्यक्ता हेतु सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से जवान सूरज भूमिक को जिला अस्पताल बीजापुर में भेजकर रक्त दिया गया। 85 वी0 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ने मानवता व सामाजिक दायित्व के प्रति वाहिनी की निष्ठा एवं तत्परता को दोहराया।

# सावन मास के रामचरित मानस परायण में शामिल हो रहीं बेटियां

## शिक्षक मानस परिवार चला रहा 14 वर्षों से रामचरित मानस का मास परायण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 6 अगस्त।** रामजानकी मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार द्वारा अनवरत 14 वें वर्ष रामचरित मानस का मास परायण चल रहा है नगर की जो परंपरा पूर्वजों ने बनाई है उसे शिक्षक मानस परिवार द्वारा मंदिर समिति के सानिध्य में अग्रसर बनाये है प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से मानस परिवार के सदस्यगण उपस्थित होकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ एवं संगीतमय भजनों के साथ रामचरित मानस के एक मासपरायण का पाठ प्रतिदिन करते हैं पश्चात रामायण की आरती मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय के सानिध्य में की जाती है कामता प्रसाद तिवारी ने बताया कि सावन मास में रामचरित मानस मास परायण का बहुत महत्व है श्रावण मास को भगवान भोलेनाथ का महिमा माना जाता है उनके भक्त उन्हें प्रसन्न करने तरह तरह के उद्यम करते हैं भगवान भोलेनाथ श्रीराम जी को अपना ईष्ट मानते है और उनका नाम दिन रात जाप करते है।

पवित्र सावन मास में कोई भक्त श्रीराम का गुणगान करते हैं उनको भोलेनाथ मनोवांछित फल देते हैं मासपरायण एकल एवं सामुहिक दोनों प्रकार से किया जा सकता है इस वर्ष भी मास परायण में सदस्यों की संख्या में उतरोत्तर वृद्धि हो रही है पिछले वर्ष से नगर की बेटियां भी मानस पाठ में शामिल हो रही हैं जिनमें सुधा शर्मा, मोनिका साहू, सविता पटेल, देविका पटेल, सविता पटेल, भूमिका वर्मा, शामिल हो रही हैं वहीं मानस परिवार के कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, विमल पुरोहित, पुखराज ठाकुर, घनश्याम सिन्हा, कमलेश साहू, रामकुमार साहू, तेजराम साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलास पटेल, रुपेश शर्मा, भोला पांडेय, रोशन शर्मा, उपेन्द्र पटेल, के साथ साथ नगर के गणमान्य रमेश जायसवाल, राकेश शर्मा, आदि शामिल होते हैं।

# अखिल भारतीय तैलिक महासभा की राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुए इन्द्र साव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 6 अगस्त।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस रफ़ी मार्ग स्थित कांस्टीट्युशन क्लब स्पीकर हॉल नई दिल्ली में रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अध्यक्षता अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय दत्त क्षीर सागर राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री अरुण भष्मे छत्तीसगढ़ साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न राज्यों से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के पदाधिकारी गण पहुँचे हुए थे इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाटापारा के विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए नवनिर्वाचित विधायक सांसदों का सम्मान किया गया इसके साथ ही सामाजिक कार्य हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की गई सम्मान समारोह में भाटापारा विधायक इन्द्र साव को साल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि बड़ी सौभाग्य की बात है कि मुझे इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आने का अवसर मिला देशभर से आए साहू समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी को बधाई अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यो के सामाजिक जनों से मुलाकात एवं एक दूसरे को जानने पहचाने का अवसर मिला आज छत्तीसगढ़ के साहू समाज की एकता की सराहना न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश में की जाती है समाज से बड़ा कोई नहीं होता समाज में एकता हो तो हमे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि साहू समाज के उत्थान के लिए हमेशा आगे रह कर सहयोग एवं कार्य करता रहूंगा समाज के सभी वरिष्ठ जनों को मैं प्रणाम करता हूं आप सभी बड़ो के आशीर्वाद से ही मैं आज यहां तक पहुंचा हूं मैं हृदय से समाज के वरिष्ठजनों को धन्यवाद देता हूं।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 तक बढ़ाई गई

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ2024 में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए फसलों की बीमा कराने की तिथि को बढ़ाते हुए 16 अगस्त 2024 कर दिया गया है। भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के नामांकन के लिए कट ऑफकी तिथि को 16 अगस्त कर दिया है। जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। उप संचालक कृषि दिलीप कुमार नायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफल्ली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन के अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो, वह बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं.आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी अधिकतम दो पेज में एवं छायाचित्र/विडियों सी.डी. संलग्न करे प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है.0अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। पुरस्कार की राशि 2 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। केवल ऐसे कृषक विगत 10 वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हो। इसमें केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे, जिनकी कुल वार्षिक आमदनी में से न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो एवं तकाबी, सिंचाई शुल्क, सहकारी बैंको का कालातीत ऋण न हो। चयन एवं मूल्यांकन का मापदण्ड के तहत फसल में विविधीकरण एवं उत्पादकता वृद्धि के लिए नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर होना चाहिए।

## सुरखी स्कूल में 16 लाख की लागत से बने अतिरिक्त कक्ष का प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

# शिक्षा से व्यक्ति का विकास संभव है : शर्मा

■ शिक्षा ही मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर सुयोग्य नागरिक बनाता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 6 अगस्त।** उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल, सुरखी में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधिवत पूजा पाठ कर किया। इसके निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपए खर्च हुए। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। हमारी सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई जा रही है।

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए संकल्पित हैं। शासन द्वारा स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूलों में निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, सायकल आदि सुविधाएं मिल रही हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का विकास संभव है। शिक्षा ही मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाकर सुयोग्य नागरिक बनाता है। बच्चे मन लगाकर कर पढ़ें, शिक्षित हो और अपने सपनों को साकार करें. शिवरतन शर्मा ने विद्यालय के विद्यार्थियों से शिक्षा से सम्बंधित प्रश्न किये जिसका बच्चो ने उत्तर दिया, कुछ बच्चो के त्वरित उतर प्राप्त होने से शर्मा ने उन्हें प्रोत्साहित भी किया और उज्जवल भविष्य की सभी को शुभकामनाएं दी.. उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, सतीश सोनी, पवन वर्मा, पोषण यादव सरपंच सुरखी, रोहित साहू, घाना राम ध्रुव, जगदीश ध्रुव, चंद्रशेखर वर्मा, लेखराम साहू, रश्मि शुक्ला, इंद्राणी साहू, दर्शन ठाकुर, संजय सोनी, दशरू सोनवानी, दीपक सिंह, आंकित बाजपेयी, प्रवेश मिश्रा सहित शाला स्टाफ ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री ने नवीन कालेज में खम्हार का पौधा लगाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 6 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में आज नवीन शासकीय महाविद्यालय वटगन के परिसर में दीक्षारंभ कार्यक्रम में पहुंचे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान अंतर्गत खम्हार पेड़ का रोपण किया। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, पलारी नगर पंचायत यशवर्धन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर अलग अलग पौधो का रोपण किया। इस दौरान वर्मा ने सभी कॉलेज छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है। वर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से कॉलेज एवं स्कूली छात्र छात्राओं का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे अतएव इसकी रख-रखाव भी बड़ी जिम्मेदारी से हो सकेगी। सभी छात्र छात्राएं अपने परिसर के चारो तरफ किनारे-किनारे में छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन आदि अवश्य लगाएं. इस मौके एसडीएम पलारी सीमा ठाकुर, तहसलीदार देवेंद्र नेताम, थाना प्रभारी शंशाक सिंह, प्राचार्य वटगन चंद्रकांत जलहरे, सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र छात्राएं एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गौवंश की निर्मम हत्या, अपराधी बेखौफ, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 2 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार से 25 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम मरदा लवन तहसील में हुए चौदह गौवंश की निर्मम हत्या के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्यकारिणी ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से भेंटकर ज्ञापन सौंपा और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग रखी।

इस पूरी घटना को जघन्य हत्या ठहराते हुए विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी मिकी ने कहा कि दो अगस्त शुक्रवार प्रातः ग्राम मरदा लवन तहसील से गौवंश की हत्या की खबर सामने आई जिसमे मिली जानकारी के अनुसार निर्दोष मासूम गौवंश को आठ से दस दिन पूर्व गांव के ही अंदर घनी आबादी वाले मोहल्ले के एक बाड़े में अंधकारमय छोटे से कक्ष में बड़ी निर्दयता पूर्वक भूखे प्यासे बन्द करके रख दिया गया। जिससे तड़प तड़प कर उन गौवंशो की मृत्यु हो गई। गांव में तड़के बदबू फैलने पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। इस घनघोर अमानवीय घटना ने जिले के साथ ही सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ वासियों को शर्मिंदा होने पर मजबूर कर दिया। हालांकि खबर लगते ही प्रशासन ने पूरी मुश्तैदी दिखाते हुए उक्त घटना के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए पूछताछ के आधार पर गांव के ही चार लोगों की गिरफ्तारी की जो की सराहनीय कार्य है। लेकिन गांव में घटित घटना में सरपंच- सचिव एवं पंचों समेत किसान समिति के बाकी सदस्यों और गांव के किसानों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

सिर्फ किसान समिति के कुछ सदस्यों को पकड़कर प्रशासन मामले को समाप्त करने का प्रयास ना करते हुए, इस घटना में मृत गौवंश को न्याय दिलाने के लिए इस घटना के लिए जिम्मेंदार प्रत्येक अपराधियों पर सख्त कदम उठाते हुए कठोर कार्यवाही करे। किसी निर्दोष को सजा ना हो लेकिन एक भी दोषी बचना नही चाहिए। गांव में घटित ऐसी घटनाओं के लिए सरपंच पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई जबकि जिस बाड़े में यह घटना हुई, ग्रामीणों के अनुसार सरपंच का घर वहीं स्थित है आगे विहिप जिला अध्यक्ष ने कहा की वर्तमान सरकार को पूर्व की सरकार के गौठान योजना को बंद ना करके उसमें हो रही गड़बड़ियों एवं खामियों को दूर कर उसे जारी रखना चाहिए था या बारिश एवं फसल के पूर्व ही सम्पूर्ण प्रदेश में मवेशियों के लिए कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी। अभी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने गौ अभ्यारण्य बनाने की बात कही है। इस पर तत्काल प्रभाव से पूरे लगन से गौवंश और ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे कि सड़कों पर या गांवों में गौवंश के साथ हो रहा दुर्व्यवहार एवं दुर्घटनाओं में कमी आये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख हेमन्त वर्मा, जिला मंत्री राजेश केशरवानी, नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## बच्चों में मनोवैज्ञानिक सोच विकसित करने को लगाई गई विद्यालय में प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के मॉडल को लोगों ने सराहा

# विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी 'साइंस सफारी' में दिखाई अपनी प्रतिभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भाटापारा, 6 अगस्त।** खमरिया, भाटापारा के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी साइंस सफ़री का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुक्रवार 2 अगस्त 2024 को इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि व निर्णायक संध्या विश्वकर्मा द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रवलित करने के उपरांत फीता काट कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वाई-फाई तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, सड़क-सुरक्षा, आधुनिक सिंचाई पद्धति, एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों, एनर्जी रिसोर्स एण्ड कंजर्वेशन आदि अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी को चार भागों में विभक्त किया गया था, जिसमें वर्ग 'अ' में कक्षा पहली से दूसरी, वर्ग 'ब' में तीसरी से पाँचवी, वर्ग 'स' में छठवीं से आठवीं तथा वर्ग 'द' में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के प्रतिभागी शामिल थे। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर प्रधानाचार्य ने उत्साहवर्धन किया। लगभग दो सौ से अधिक विद्यार्थी इस प्रदर्शनी में प्रतिभागी रहे। प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यथा कक्षा पहली में तक्षवी पोपट प्रथम रुद्र जाल द्वितीय अथर्व सिंह बागरी तृतीय कक्षा दूसरी में अनाइसा मोदी प्रथम आयूषी दवानी द्वितीय लक्षिता सचदेव तृतीय कक्षा तीसरी में अंश वर्मा, अनिष्का विश्नोई प्रथम सानवी शर्मा द्वितीय तवसी वर्मा, चेतन वर्मा तृतीय कक्षा चौथी में दिव्या मोटवानी, तोषिका त्रिपाठी प्रथम अल्का सिंह द्वितीय मोही साहू, अथर्व साहू तृतीय कक्षा पाँचवी में अवनी किंगरानी, पंखुड़ी भृगु प्रथम सरगम मिश्रा द्वितीय मनन वर्मा तृतीय कक्षा छठवीं से आठवीं वर्ग में भव्य मिश्रा, अक्षत प्रथम हर्षित ढेकवारे, नव्या मोटवानी द्वितीय अनुष्का देवांगन, श्रेयांश स्वेन तृतीय कक्षा नौवीं से बारहवीं वर्ग में निधि रानी प्रथम सिमरन शर्मा, अस्मि विश्नोई द्वितीय और इशिता मिश्रा, गायत्री असवानी तृतीय स्थान पर चयनित किया गया। प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ मॉडल का ख़िताब क्षितिज शर्मा और सक्षम मिश्रा को प्राप्त हुआ। इन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक के रूप में संध्या विश्वकर्मा अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद लता देवांगन, कीर्ति केशरवानी, इशिता मिश्रा, विद्या रात्रे, राहुल भटालिया, गौरी चाँदवानी, सुरेंद्र कुमार पाण्डेय रहे। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों तथा स्थान प्राप्त विजेताओं को विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक, अनुशासित और प्रभावी रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्रमांक- 202407092100028
अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुनेश्वरदास साहू आ. गुलाबदार जाति तेली सा. बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम पीपरखार खुर्द प.ह.न. 22 रा.नि.म. बेलगाँव तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070 हे. भूमि स्थित है। आवेदक की भूमि खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070 हे. भूमि का नक्शा क्षेत्रफल (रकबा) के अनुसार सही नहीं है। आवेदक की भूमि खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070हे. भूमि के नक्शा को रकबा के अनुसार त्रुटि को सुधरवाना चाहता है। आवेदक की भूमि खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070 हे. भूमि ग्राम पीपरखार खुर्द में दर्ज है का नक्शा त्रुटिपूर्ण रकबा 0.6070 हे. है क्षेत्रफल सही है तथा नक्शा गलत है। खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070 हे. क्षेत्रफल के अनुसार नक्शा का सुधार किया जाना न्यायहित में आवश्यक है इससे आवेदक को अपूर्णीय क्षति हो रही है एवं भविष्य में अनावश्यक विवाद होने की संभावना है। आवेदक की भूमि ग्राम पीपरखार खुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में खसरा नम्बर 2/8 रकबा 0.6070 हे. क्षेत्रफल भूमि के त्रुटिपूर्ण नक्शा को रकबा 0.6070 हे. के अनुसार सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20.08.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 30.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायलय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारा के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अंगीरा लाल साहू आ. सुखचैन निवासी फेकारी तहसील पाटन द्वारा ग्राम फेकारी पटवारी हल्का नंबर 26 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 452, 476, 588, 734 रकबा कुल 1.460 हेक्टर जो कि राजस्व अभिलेख में अंगीरा लाल आ. सुखचैन के नाम पर खाते में दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण ऋण पुस्तिका की डुप्लीकेट प्रति प्रदाय किये जाने आवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12/8/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/8/2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पाटन**

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./डे.एन.यु.एल.एम./2024-25/1094 जामुल दिनांक-05/08/2024

**रूचि की अभिव्यक्ति**

नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रांतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए कुल 04 दीदी बर्तन बैंक की स्थापना की जानी है। अतः दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रान्तर्गत गठित स्व सहायता समूह/क्षेत्र स्तरीय सगंठन/शहर स्तरीय सगंठन जो दीदी बर्तन बैंक संचालन हेतु इच्छुक हो, सादे कागज में दिनांक 20/08/2024 समय सायं 3 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या में आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में **'पहले आओ पहले पाओ'** के सिंद्धात पर इच्छुक महिला संगठन को **दीदी बर्तन बैंक** आबंटित कर दिया जायेगा। चार से अधिक की संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से आबंटन किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकार**
**नगर पालिका परिषद जामुल**

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक शहीद महेन्द्र कर्मा चिकित्सालय डिमरापाल, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/2024/निविदा (EOI)/स्टी./2024 जगदलपुर, दिनांक : 02.08.2024

**'रूचि की अभिव्यक्ति' (Expression Of Interest)**

शहीद महेन्द्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय, डिमरापाल जगदलपुर परिसर के समस्त विभागों/वार्डो चिकित्सालय परिसर में Rodent Control (चुहों एवं कॉकरोज से सुरक्षा/बचाव) का कार्य करवाया जाना है। उपरोक्त कार्यक्षेत्र में कार्य करने वाले वाणिज्य एवं कर विभाग में पंजीकृत अनुभवी संस्थाओं से कार्यालयीन कार्यदिवस में शहीद महेन्द्र कर्मा चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर उक्त कार्य पर होने वाले व्यय का प्रस्ताव संस्था द्वारा निर्धारित समस्त आवश्यक दस्वावेज सहित मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत किये जाने हेतु **'रूचि की अभिव्यक्ति' (Expression Of Interest)** दिनांक 23.08.2024 तक कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुरूप सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तों का विवरण (आधार) दिनांक 21.08.2024 तक आवेदन पत्र एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ रू. 1000.00 नगद (एक हजार रूपये) मात्र नगद जमा कर के कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**शहीद महेन्द्र कर्मा चिकित्सालय**
**डिमरापाल जगदलपुर छ.ग.**

जी- 242501619/3

एक नजर

## जैन श्रीसंघ ने महेन्द्र कोचर का बहुमान किया



**रायपुर 6 अगस्त।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी के महासचिव महेन्द्र कोचर का सूरत खरतरगच्छ जैन श्रीसंघ ने सूरत प्रवास अवसर पर खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी म सा की पावन निश्रा में बहुमान किया गया । आचार्य श्री ने श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में हर महीने पूनम अमावस्या की दादागुरुदेव की बड़ी पूजा व गुरुप्रसादी आयोजन को सभी संघों के लिए उदाहरण स्वरूप बताया । खरतरगच्छाधिपति श्री मणिप्रभ सूरीश्वर जी ने प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रत्येक रविवार को प्रातः मंदिर जी में नवांगी पूजा हेतु बच्चों को प्रोत्साहित करें । पूजा करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देने तय किया गया । ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने गुरुदेव के प्रति श्री संघ की ओर से कृतज्ञता का भाव प्रकट किया ।

## दानी स्कूल मार्ग में चौपाटी का कन्हैया ने किया विरोध

**रायपुर 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में जनदर्शन के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर बुढ़ापारा दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग में निर्माणाधीन चौपाटी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई । श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा संख्या वाली गर्ल्स कॉलेज ,गर्ल्स स्कूल के साथ ही वहां बच्चियों का छात्रावास भी है ऐसे स्थान पर चौपाटी खुलने से बेटियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगता है अतः इस पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी पिछले 20 सालों में अनेक बार चौपाटी बनाने का प्रयास किया गया और जन विरोध के चलते हर बार निर्णय वापस लिया गया है । रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वामनराव लाखे वार्ड में प्रोफेसर कॉलोनी ,बंजारी नगर ,आदिवासी कॉलोनी में हर वर्ष जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है । क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों के बाहर पानी को रोकने के लिए दीवारें तक बना रखी है पर इस समस्या का निराकरण पिछले 20 वर्षों में नहीं हो पाया है । श्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में पानी निकासी के लिए नए नालों के निर्माण के साथ ही निर्माण किया जा चुके नालों को कनेक्ट करने की आवश्यकता है ,साथ ही पानी को भी अलग-अलग क्षेत्र में डाइवर्ट करने से क्षेत्र के नागरिक समस्या से मुक्त हो पाएंगे । ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से कन्हैया अग्रवाल, शरद गुप्ता, शंकर सेन, मनोज पाल ,रवि शर्मा, राजेश त्रिवेदी, वार्ड अध्यक्ष विष्णु राजपूत, सुरेश बाफना शामिल थे ।

## नुवामा वेल्थ ने रायपुर में ग्राहकों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**रायपुर,6 अगस्त।** एचएनआई और एफ्लुएंट सेगमेंट की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाली, नुवामा ग्रुप की व्यक्तिगत संपत्ति शाखा नुवामा वेल्थने, 2023 में रायपुर में ग्राहकों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। नुवामा वेल्थ हाई नेट मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और वेतनभोगी पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करता है। सेकण्ड फ्लोर, चावला कॉम्प्लेक्स, साई नगर, देवेंद्र नगर मेन रोड, देवेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित रायपुर शाखा कंपनी को, ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में सक्षम बनाती है क्योंकि कंपनी सीधे शाखा प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं और अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर सकते हैं। यह शाखा ग्राहकों के एक व्यापक वर्ग तक पहुँचने में भी मदद करती है। वर्तमान में 70 से अधिक स्थानों पर स्थित, नुवामा वेल्थ का लक्ष्य 2028 तक 300 से अधिक स्थानों तक अपनी पहुँच बढ़ाना है।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने नए इब्लू फियो एक्स को किया लॉन्च

**रायपुर, 6 अगस्त।** गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो इब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2 और 3-व्हीलर्स के निर्माता हैं, ने आज भारत के पहले फैमिली ई-स्कूटर, इब्लू फियो एक्स का एक नया वेरिएंट लॉन्च किया। यह भारत में कंपनी का ईवी टू-व्हीलर सेगमेंट में दूसरा उत्पाद है। इब्लू फियो एक्स का अनावरण भारत ग्लोबल मोबिलिटी एक्सपो 2024 में किया गया था। इब्लू फियो एक्स को अब 28 लीटर स्टोरेज स्पेस के साथ पेश किया जाएगा। यह ई-स्कूटर 2.36 द्मड्ड बैटरी के साथ आता है और 110 किमी की रेंज प्रदान करता है। इब्लू फियो एक्स की कीमत द्ध्रक्र 99,999 (एक्स-शोरूम) निर्धारित की गई है।

## निधन

### जोइधा वर्मा

**धरसींवा-चरोदा, 6 अगस्त।** धरसींवा-चरोदा निवासी जोइधा वर्मा का 5 अगस्त को रात 11 बजे निधन हो गया। वे बसंत वर्मा, सुशीलचंद्र वर्मा के पिता एवं रविकांत, टीनूकांत, पुष्कर, जीतेश और पूर्णेन्द्र के दादा थे। उनका आज धरसींवा चरोदा स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।



# पार्षद चुनाव लड़ने वालों की वार्डों के आरक्षण पर नजर

### राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन पर बनेगी मतदाता सूची

■ परिसीमन से बने नए राजनीतिक समीकरण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 6 अगस्त।** नगरीय प्रशासन द्वारा मतदाता सूची बनाने के लिए गाइडलाइन जारी करने के बाद अब विभिन्न दलों के कार्यकर्ता एवं महत्वाकांक्षी नेताओं की नजर वार्डों के आरक्षण पर लगी हुई है। वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी चुनाव लड़ने की रणनीति जनप्रतिनिधि बनाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग ने वार्डवार मतदाताा सूची बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिया है। राज्य में कुल 184 नगरीय निकाय हैं। इनमें से नगर निगम की संख्या 13 है। रायपुर नगर निगम में चुनाव का जिम्मा खटिक को दिया गया है। वर्तमान मतदाता सूची लोकसभा के अनुसार बनाई गई है। अब इसे वार्डवार बनाया जाएगा। चूंकि परिसीमन का कार्य पूरा हो चुका है इसलिए वार्ड की नई सीमा के अनुसार मतदाता सूची बनाई जाएगी। शासन के नियमानुसार प्रत्येक वार्ड में 14 हजार मतदाता होने चाहिए लेकिन रायपुर नगर निगम के कई वार्डों में 30 हजार के आसपास मतदाता हैं। वार्ड परिसीमन का काम राजस्व निरीक्षकों के द्वारा कराया गया है। अब जोनवार मतदाता सूची बनाने का काम भी इन्हें ही दिया जाएगा। प्रदेश में कुल 84 नगर पालिका हैं। एक नगर पालिका में 16 वार्ड आते हैं। यहां पर भी मतदाता सूची बनाने के काम में तेजी लाई जाएगी। इसके पश्चात वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। रायपुर में करीब 70 वार्ड हैं। इन वार्डों में सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों में बांटा गया है। नए परिसीमन के पश्चात वार्डों की सीमाएं भी बदल गई है। पार्षद चुनाव में एक-एक मत का महत्व होता है इसलिए अलग-अलग जाति व धर्म के लोगों को साधने की कोशिश की जाती है। इस समय राजधानी के 30 से अधिक वार्डों में उड़िया समुदाय के लोग रहते हैं जो चुनाव में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। मौदहापारा, नयापारा, संजय नगर तथा पंडरी में भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र होने के कारण मुस्लिम समाज के नेता नजर रखे हुए हैं। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद सूर्यकांत राठौर ने बताया कि अभी किस वार्ड से चुनाव लड़ना है यह तय नहीं है। उन्होंने बताया कि वार्डों के आरक्षण पर सभी चुनाव लड़ने वाले महत्वाकांक्षी नेताओं की नजर है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वाले वार्ड की संख्या स्थायी है। इसमें महिला एंव पुरुष का ही आरक्षण होता है। जबकि सामान्य एवं ओबीसी वर्ग वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाती है। कौन सा वार्ड आरक्षित होगा यह लॉटरी पद्धति से तय होगा। महामाया मंदिर वार्ड के नरेन्द्र यादव ने बताया कि इस वार्ड में ब्रह्मपुरी क्षेत्र को काट दिया गया है इसके कारण यह वार्ड सामान्य है। जोन क्रमांक 7 के अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव ने बताया कि लाखेनगर वार्ड में हनुमान नगर को अलग कर दिया गया है। नगर निगम रायपुर में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले सभी संभावित प्रत्याशी अपने राजनीतिक आकाओं के चक्कर काट रहे हैं। रायपुर नगर निगम की सीमा दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तथा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में बंटी हुई है। उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा हैं। वे अधिकांश उड़िया बस्तियों का भ्रमण कर चुके हैं। पश्चिम के विधायक राजेश मूणत भी अपने क्षेत्र में संपर्क बनाए हुए हैं।

# रायपुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग का ठेका रद्द, ठेकेदार को मिला नोटिस

**रायपुर 6 अगस्त।** राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेका रद्द कर दिया गया है. रेलवे ने ठेकेदार को 30 दिन का नोटिस जारी किया है, जिसके बाद एक महीने के भीतर ठेका पूरी तरह से निरस्त कर दिया जाएगा. यह निर्णय रेलवे द्वारा की गई समीक्षा और शिकायतों के आधार पर लिया गया है। रेलवे विभाग ने नई पार्किंग व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है. इसके तहत, ट्रैफिक पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ बातचीत की जाएगी ताकि एक प्रभावी और व्यवस्थित पार्किंग सिस्टम लागू किया जा सके। नई व्यवस्था के लागू होने से ऑटो चालकों और आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है। रायपुर रेलवे स्टेशन हाल ही में विवादों में घिरा रहा है. पार्किंग के ठेकेदार पर अवैध वसूली के आरोप लगे थे, जिससे स्टेशन पर ऑटो चालकों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा.




यह स्टेशन अवैध वसूली का अड्डा बन गया था, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही थी. रेलवे विभाग की नई व्यवस्था से अवैध वसूली की समस्याओं पर काबू पाने की कोशिश की जाएगी, जिससे रायपुर रेलवे स्टेशन पर ऑटो चालकों और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षा मिलने की उम्मीद है।

## रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक आयोजित

**रायपुर 6 अगस्त।** रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री ऋषि उइके के द्वारा की गई। उक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय के द्वारा रेलवे स्टेशन में खान पान सेवा के तहत कार्य करने वाले वेंडरो को यात्री सुविधाओं को लेकर कूछ आवश्यक बिंदूवार दिशा निर्देशो का अनुशासन में रहते हुए पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। दिशा निर्देश निम्नानुसार है यह कि सभी सदस्य वेंडर अपने कार्यस्थल पर कार्य के दौरान रेलवे के नियमानुसार गणवेश धारण कर अपना वैध परिचय पत्र लगाकर के ही कार्य करें। यह कि सभी सदस्य कार्य के दौरान अपने कार्यस्थल पर किसी भी यात्री व किसी के साथ अश्लील गाली गलौज व किसी प्रकार से अभद्रता ना करे। यह कि सभी सदस्य अपने कार्यस्थल पर किसी प्रकार की कोई घटना घटित होने या कोई विवाद होने की स्थिति में घटना की सूचना स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मी आरपीएफ और जीआरपी को तत्काल सूचित करें कोई भी सदस्य किसी तरह से भी कानून का उल्लंघन ना करे। यह कि सभी सदस्य अपने कार्यस्थल पर अपने कार्य के दौरान किसी प्रकार का कोई नशा या धुम्रपान का सेवन ना करे। यह कि सभी सदस्य अपने कार्यस्थल पर कार्य के दौरान किसी बाहरी व्यक्ति को अपनी दुकान पर ना बैठने दे और ना ही किसी यात्री का सामान दुकान पर रखें। यह कि सभी सदस्य अपने कार्यस्थल पर किसी भी यात्री से अधिक पैसे ना लेवे सामानो पर अंकित मूल्य पर ही सामान उपलब्ध करावे।

# राजधानी में संक्रामक रोग फैल रहे

■ डेंगू को रोकने निगम प्रशासन सक्रिय

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 6 अगस्त।** राजधानी में बरसात शुरू होते ही संक्रामक बीमारियां फैलने लगी है। वायरल फीवर से ग्रसित लोग अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। वहीं निगम प्रशासन डेंगू एवं डायरिया जैसी संक्रामक बीमारियों को रोकने लिए व्यापक स्तर पर प्रयास कर रहा है।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार बरसात शुरू होते ही कई स्थानों पर पानी का जमाव शुरू हो जाता है। इसमें घर के आसपास नाले एवं गड्ढों तथा कूलर में भरे पानी में मादा मच्छर के लार्वा जन्म लेते हैं। इस समय कई निचली एवं गंदी बस्तियों में नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई कार्य करवाया जा रहा है ताकि डेंगू न फैले। जिला प्रशासन ने भी इस संबंध में अधिकृत आदेश जारी किए हैं। बरसात में नगर निगम के फिल्टर प्लांट में कैमिकल डालकर पानी साफ किया जाता है लेकिन इसमें भी कई अशुद्धियां पाई जाती है जिसके कारण इस समय लोग डायरिया के शिकार हो रहे हैं। बढ़ते मच्छरों के कारण मलेरिया भी फैल रहा है।

मेकाहारा की पीआरओ के अनुसार मेकाहारा में संक्रामक रोगों के लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं। जिला अस्पताल में भी यही व्यवस्था की गई है। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी भी वस्तुस्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### जलभराव को रोकने का प्रयास

राजधानी में इस समय जलभराव रोकने के लिए नए नालों का निर्माण किया गया है इसके चलते जयस्तंभ चौक, पुराना कॉफी हाउस, मौदहापारा तथा जोन 2 के अंतर्गत आने वाले शहीद स्मारक स्कूल के आसपास जलभराव नहीं हो पाया है। बांसटाल वालों को भी जलभराव से मुक्ति मिल गई है। पुराना कॉफी हाउस के सामने क्रासिंग नाला बना दिया गया है जिसके कारण आज उचित सफाई हो रही है और जलभराव नहीं हो पाया है।

# भाजपा सरकार धर्मद्रोही सरकार है, राम काज रोका, गौ सेवा बंद की: दीपक बैज

**रायपुर 6 अगस्त ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार पर धर्म द्रोही होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ के धार्मिक स्थलो के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित करने की व्यवस्था शुरु की थी, उन्हें दुर्भावना पूर्वक बंद करके सनातन संस्कृति का अपमान कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय चंदखुरी स्थित माता कौशल्या के दुनिया के एकमात्र मंदिर जो राजधानी से महत्व 27 किलोमीटर की दूरी पर है उसके जीर्णोद्धार का काम किया। उत्तर में कोरिया जिले



के सीतामढ़ी हरचौका से लेकर दक्षिण में बस्तर के सुकमा में रामाराम तक पर्यटक सुविधाएं विकसित की। पहुंच मार्ग बनाये, सड़कों के दोनों तरफ फलदार वृक्षों का रोपण करवाया। राजीम, चंपारण, शिवरीनारायण और चंदखुरी में छत्तीसगढ़ के भाषा प्रभु श्री राम की भव्य मूर्तियां स्थापित की गई।


सुकमा के रामाराम में छत्तीसगढ़ का पहला रॉक गार्डन बना जहां पर प्रभु श्री राम के जीवन चरित की भव्य झांकी बनाई गई है। रामा-राम में जामवंत गुफा, सीता कुटिया का निर्माण करने के साथ ही चिटमिटिन माता के मंदिर का जिर्णोद्धार पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने करवाया। छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पथ के 75 स्थलों को चिन्हित कर उनमें से 51 स्थलों पर राम काज की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से पिछले 8 महीने से राम वन गमन पथ के संरक्षण और संवर्धन का काम पूरी बंद कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के 11 में से 10 सांसद हैं लेकिन मोदी सरकार के केंद्रीय रामायण परिपथ में एक भी स्थल शामिल नहीं है। पूर्वाग्रह से ग्रसित मोदी सरकार लगातार छत्तीसगढ़ उपेक्षा कर रही है लेकिन दलीय चाटुकारिता में भारतीय जनता पार्टी के नेता मौन है। छत्तीसगढ़ कौशल प्रदेश कहलाता है, बस्तर का क्षेत्र ऐतिहासिक तौर पर दंडकारण्य कहा जाता है। प्रभु श्री राम ने वनवास का अधिसंख्यक समय छत्तीसगढ़ में ही गुजरे हैं, माता कौशल्या का एकमात्र मंदिर भी छत्तीसगढ़ में ही स्थित है, जहा जाने का समय भाजपा के नेताओं के पास नहीं है।

# भाजपा सरकार बनने के बाद व्यापारियों को परेशान किया जा रहा

**रायपुर 6 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा सरकार बनी है सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों को दिये जाने वाले टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है। उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है? सात महिने में लगातार व्यापारियों के यहां सरकार द्वारा जीएसटी के छापे मारी करवाया जा रहा है। बिजली बिल बढ़ोत्तरी के कारण उद्योगो में एक सप्ताह से ताला बंदी हो गयी है। 2 लाख मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेता के द्वारा व्यापारियों को टैक्स चोर कहना निंदनीय है ये वही व्यापारी हैं जिनके द्वारा दिये गए टैक्स से राज्य का खजाना भरता है और विकास कार्य होता है। व्यापारी वर्ग लगातार अनियमितता जीएसटी से परेशान और हताश होकर केंद्र सरकार से कई बार गुहार लगाये हैं कई सुझाव दिए हैं लेकिन उसे पर केंद्र सरकार ने अमल नहीं किया है और आज जो जीएसटी का छापा व्यापारियों के यहां पड़ रहा है यह सिर्फ भाजपा के वसूली के लिए पड़ रहा हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिस समय जीएसटी लागू किया गया इस दौरान कांग्रेस ने जीएसटी के कई स्लैब और इसके कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए थे और पूरे देश में व्यापारी वर्ग भी इसके खिलाफ रहे हैं। जीएसटी के विषय पर अब तक 3000 से अधिक सुधार किया गया है। उसके बावजूद जीएसटी की समस्या निरंतर बनी हुई है। भाजपा नेता जीएसटी को लेकर अपनी केंद्र सरकार की नाकामी को ढकने के लिए अब सीधा-सीधा व्यापारी को ही टैक्स चोर कह रहे है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद चुनाव के लिए व्यापारी बिल्डर उद्योगपतियों पर दबाव डालकर वसूली किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर मद से खर्च हुए करीब 6 करोड़ रुपए : सांसद बृजमोहन

**रायपुर 6 अगस्त।** जनता तक खबर/06 अगस्त 2024, छत्तीसगढ़ में समेत देश भर में खेल और



खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनियां सीएसआर निधि से राशि खर्च कर रही हैं। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से सवाल किया था कि , कंपनियों ने कारपोरेट सामाजिक दायित्व में खेल कार्यकलापों पर होने वाले व्यय को शामिल किया है और छत्तीसगढ़ में सीएसआर निधि से खेल कार्यकलापों पर होने वाले खर्च की जानकारी मांगी थी। जिस पर कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा बताया कि, पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2020-21 से 2022-23 के दौरान देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सभी कंपनियों द्वारा सीएसआर निधि से राशि खर्च की गई है। जिसमें ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालंपिक खेलों और ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शामिल है। छत्तीसगढ़ में कंपनियों द्वारा खेलों पर 2022-23 में 5.72 करोड़ रुपए राशि खर्च की गई है। जिसमे से अकेले रायपुर में 3.87 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। हर्ष मल्होत्रा ने यह भी जानकारी दी कि, देश में 24,392 कंपनियों ने साल 2022-23 में देश भर में सीएसआर मद में करीब 30 हजार करोड़ रुपए खर्च किए है।

# बेटी बचाओ मंच संजय नगर ने बोल बम कांवर यात्रा निकाली




**रायपुर 6 अगस्त।** संजय नगर बेटी बचाओ मंच ने सावन के दूसरे सोमवार को बोल बम कांवर यात्रा का भव्य आयोजन किया। मंच के पदाधिकारी व सदस्यों ने पीले तथा भगवा ड्रेस में संजय नगर स्थित शिव मंदिर से जल लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म ध्वज लहराकर कांवरियों को रवाना किया तथा यात्रा में शामिल हुए मंच के संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा ने सभी यात्रियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया। कांवड़ यात्री बोल बम के जयकारे के साथ महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा भोजन प्रसादी के साथ यात्रा का समापन किया। यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी, अमलेश्वर अध्यक्ष स्वरा मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, दीपक मिश्रा, केजई साहू , तिलमाती मानिकपुरी, शशि साहू, दीपाली सोनवानी, रीतु, नम्रता विश्वकर्मा, डागेश्वरी साहू, ऊषा विश्वकर्मा, लता पवार, कावेरी साहू, नमिता तिवारी, नमन साहू, मयंक साहू सहित पदाधिकारी व सदस्य गण काफी संख्या में शामिल थे।

### सावधानी रखकर बीमारियों से बचें

# कोई नारी डायन-टोनही नहीं: दिनेश मिश्र

**रायपुर 6 अगस्त।** अंधविश्वास, पाखंड व सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिए कार्यरत संस्था अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा हरियाली के प्रतीक हरेली अमावस्या की रात को ग्रामीणजनों के मन से टोनही, भूत-प्रेत का खौफ हटाने के लिए समिति ने गांवों मे रात्रि भ्रमण कर ग्रामीणजनों से संपर्क किया,,समिति के दल ने रात्रि 11.00 बजे से रात्रि 3.00 बजे तक पठारीडीह, कन्हेरा , कंडारका, पिरदा, भालेसर, हरदी, उरला, ग्रामों का दौरा किया। रात्रि में नदी तट ,तालाब,श्मशान घाट पर भी गए.कहीं कहीं ग्रामीणों ने जादू-टोना, झाड़फूंक पर विश्वास होने की बात स्वीकार की। लेकिन किसी ने भी कोई अविश्वसनीय चमत्कारिक घटना की



जानकारी नहीं दी। समिति के दल में शामिल डॉ दिनेश,मिश्र डॉ.शैलेश जाधव, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, डॉ प्रवीण देवांगन, प्रियांशु पांडे, ने अनेक ग्रामीणों से चर्चा की. डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा ग्रामीण अंचल में हरियाली अमावस्या (हरेली) के संबंध में काफी अलग अलग मान्यताएं हैं अनेक स्थानों पर इसे जादू-टोने से जोड़कर भी देखा जाता है, कहीं-कहीं यह भी माना जाता है कि इस दिन, रात्रि में विशेष साधना से जादुई सिद्धियां प्राप्त की जाती है जबकि वास्तव में यह सब परिकल्पनाएं ही हैं, जादू - टोने का कोई अस्तित्व नहीं है तथा कोई महिला टोनही नहीं होती। फिर भी अंधविश्वास के कारण महिला प्रताड़ना की अनेक घटनाएं सामने आती हैं ,पिछले सप्ताह ही दुर्ग, रायगढ़,बस्तर , सरगुजा से ऐसी घटनाएं सामने आई है. पहले जब बीमारियों व प्राकृतिक आपदाओं के संबंध में जानकारी नहीं थी तब यह विश्वास किया जाता था कि मानव व पशु को होने वाली बीमारियां जादू-टोने से होती है।

## एक्सिस बैंक ने की 'स्पर्श सप्ताह 2024' की शुरुआत

**रायपुर 6 अगस्त।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने अपनी ग्राहक-केंद्रित पहल 'स्पर्श सप्ताह 2024' के दूसरे संस्करण को लॉन्च करते हुए ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखा है। 5 से 9 अगस्त तक चलने वाले इस सप्ताह के दौरान, बैंक अपने कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए ग्राहक-केंद्रित गतिविधियों की एक खास सीरीज आयोजित करेगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य 'ग्राहकों को हर दिन प्रसन्न करने' की भावना और वादे को आगे बढ़ाना है, और इसे बैंक और उसकी सहायक कंपनियों के सभी कर्मचारियों के लिए एक निरंतर प्रक्रिया और मानक अभ्यास के रूप में अपनाना है। स्पर्श की फिलॉस्फी है- 'सुनो, करो और जश्न मनाओ' और इस दर्शन के अनुरूप, बैंक मास्टर क्लास, फायरसाइड चैट, कस्टमर और लीडरशिप कनेक्ट और पैनल चर्चा जैसे दिलचस्प कार्यक्रमों की एक सीरीज का आयोजन करेगा, जहां वक्ता कर्मचारियों के साथ अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, बैंक अपने ग्राहकों के साथ स्पर्श सप्ताह मनाने के लिए अपनी 5,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से विशेष ऑफ़र पेश करेगा।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26